वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report

2020

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान
मऊ 275 103 (उ. प्र.) भारत

I.C.A.R.-Indian Institute of Seed Science
Mau 275 103 (U.P.) India

>> www.seedres.icar.gov.in

भाकृअनुप
ICAR

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2020

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान
कुशमौर, मऊ 275 103 (उ. प्र.) भारत

I.C.A.R.-Indian Institute of Seed Science
Kushmaur, Mau 275 103 (U.P.) India

वार्षिक प्रतिवेदन 2020

ANNUAL REPORT 2020

प्रकाशन सं. : आईआईएसएस/2021/25

Publication No. : IISS/2021/25

प्रकाशक

डॉ. संजय कुमार
निदेशक
भा.कृ.अनु.प.-भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ

PUBLISHED BY

Dr. Sanjay Kumar
Director
ICAR-Indian Institute of Seed Science, Mau

सम्पादक

डॉ. गोविन्द पाल
डॉ. अरविन्द नाथ सिंह
सुश्री धन्या वी.जी.
डॉ. कल्याणी कुमारी
डॉ. उदय भास्कार के.
डॉ. श्रीपति के.वी.
डॉ. विशाल त्यागी
श्री कुलदीप

EDITOR

Dr. Govind Pal
Dr. Arvind Nath Singh
Ms. Dhanya V.G.
Dr. Kalyani Kumari
Dr. Uday bhaskar K.
Dr. Sripathy K. V.
Dr. Vishal Tyagi
Mr. Kuldip

सचिवीय सहायता

श्री परमानंद साहनी
श्री अम्बरीश कु. दुबे

SECRETARIAL ASSISTANCE

Mr. Paramanand Sahni
Mr. Ambrish K. Dubey

सम्पर्क -

दूरभाष : 0547-2970721
फैक्स : 0547-2790721
ई-मेल : director.seed@icar.gov.in;
pddsrmau@gmail.com
वेबसाईट : www.seedres.icar.gov.in

Contacts -

Phone : 0547-2970721
Fax : 0547-2790721
E-mail : director.seed@icar.gov.in;
pddsrmau@gmail.com
Website : www.seedres.icar.gov.in

प्राक्कथन

कृषि प्रणाली में गुणवत्ता बीज की महत्वपूर्ण भूमिका है और साथ ही बीज, फसल किस्मों की आनुवंशिक क्षमता के वाहक के तौर पर भी कार्य करते हैं। बीज द्वारा किसी एकल अस्तित्व में उत्पादन, सुरक्षा तथा गुणवत्ता संवर्धन प्रौद्योगिकियों को लागत प्रभावी तरीके से एकीकृत किया जाता है। इसलिए हमारे देश के प्रत्येक किसान की पहुंच ऐसे स्वस्थ बीजों तक होनी चाहिए जो कि आनुवंशिक दृष्टि से परिशुद्ध हों और उनमें उच्च बीज ओजता तथा अच्छा अंकुरण प्रतिशत हो। भारतीय परिदृश्य में, एक मूलभूत आदान के रूप में किसानों के लिए गुणवत्तायुक्त बीजों की आवश्यकता का महत्व सबसे अधिक है जो कि नाजुक पारिस्थितिकी प्रणालियों और प्रतिकूल कृषि पारिस्थितिकी प्रणालियों में भी उसकी आजीविका को बनाये रख सकता है। बीज की प्रचुर क्षमता का लाभ उठाने के प्रयोजन से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा गुणवत्ता बीज उत्पादन और सामयिक बीज अनुसंधान को पर्याप्त प्राथमिकता दी गई और वर्ष 1979 में 'राष्ट्रीय बीज परियोजना' के रूप में अखिल भारतीय समन्वित बीज अनुसंधान परियोजना को प्रारंभ किया गया। यह परियोजना भारत में विभिन्न केन्द्रों पर चलाई जा रही है। राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली के अंतर्गत, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा बीज (खेत फसलों) से जुड़ी दो अग्रणी परियोजनाओं को पोषित किया गया यथा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) तथा भाकृअनुप बीज परियोजना। पुनः दिनांक 31 दिसम्बर, 2004 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) की परियोजना समन्वयन इकाई का उन्नयन बीज अनुसंधान निदेशालय के रूप में पूर्णरूपेण निदेशालय के रूप में किया गया। बाद में, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन और बीज प्रौद्योगिकीय अनुसंधान के क्षेत्र में एक दशक लंबी यात्रा में इसके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए परिषद द्वारा वर्ष 2016 में अपने शासी निकाय की बैठक में बीज अनुसंधान निदेशालय से ''भारतीय बीज विज्ञान संस्थान'' के रूप में इसका पुनः उन्नयन किया गया।

भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक ऐसा अनूठा संस्थान है जो कि पूरी तरह से देशभर में बीज विज्ञान अनुसंधान का समन्वय एवं आयोजन करने में संलग्न है। बीज उत्पादन एवं बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान करने के अपने अधिदेश के साथ–साथ संस्थान द्वारा बीज के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में क्षमता निर्माण का कार्य भी किया जाता है। भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ ने गुणवत्ता बीज उत्पादन में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है जिसका सम्पूर्ण भारत में बीज सूचकांक (एसआरआर तथा वीआरआर) पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और संस्थान के समीपवर्ती क्षेत्रों (पूर्वी उत्तर प्रदेश) में गुणवत्ता बीज उपलब्धता को बढ़ाने में सहायक बना है। अनुसंधान के क्षेत्र में, संस्थान द्वारा हासिल की गईं प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं : आणविक

Preface

Quality seed plays a vital role in agriculture and acts as the carrier of genetic potential of crop varieties. Seed offers to integrate production, protection and quality enhancement technologies in a single entity, in a cost effective way. Therefore, every farmer in our country should be able to access healthy seeds which are genetically pure, with high seed vigour and good germination percentage. In Indian context, requirement of quality seed is of utmost importance to the farmers', as a basic input that can vouch for livelihood sustainability in fragile ecosystems. In a bid to tap the enormous potential of seed, Indian Council of Agricultural Research has accorded due priority to quality seed production and contemporary seed research and has launched All India Coordinated Research Project on Seeds as "National Seed Project" in 1979, which has been operating at various centres in India. Under NARES, ICAR nurtured two flagship projects relevant to seed (field crops) *i.e.* AICRP – NSP (Crops) and ICAR Seed Project. Further, the council has upgraded the project co-ordination unit of AICRP – NSP (Crops) to a full-fledged directorate as Directorate of Seed Research on 31st December, 2004. Later, based on the significant achievements made in a decade-long journey in the areas of quality seed production and seed technological research, the council in its Governing Body meeting in 2016 has further upgraded the Directorate of Seed Research to "Indian Institute of Seed Science" (IISS).

Indian Institute of Seed Science is a unique institute of ICAR engaged exclusively in coordinating and conducting Seed Science Research nation-wide. Besides its mandate for undertaking seed production and seed technology research, institute is deemed to undertake capacity building in this specific sector. ICAR-IISS, Mau has made noteworthy contributions in quality seed production, thereby having positive impact on seed indices (SRR & VRR) throughout India and is instrumental in augmenting quality seed availability in the adjoining regions of the Institute (eastern UP). In research domain, its notable achievements include genetic purity testing through molecular markers (3 patents have been published),

मार्करों के माध्यम से आनुवंशिक शुद्धता की जांच करना (तीन पेटेन्ट प्रकाशित किए गए हैं), बीज ओज और उपज को प्रोत्साहित करने के लिए खेत एवं बीज मानक तथा बीज प्राइमिंग प्रौद्योगिकियों से संबंधित अध्ययन करना। इसके अलावा, क्षेत्र में मृदा लवणता के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए गुणवत्ता बीज उत्पादन हेतु जैव प्राइमिंग, संरक्षित जुताई रीतियों आदि का मानकीकरण किया गया है और इन्हें प्रचलित किया गया। जबकि, सामयिक बीज अनुसंधान के संबंध में, प्रमुख औषधीय पौधों में बीज मानकों का मानकीकरण, आणविक मार्करों का उपयोग करके बीज जैव प्राइमिंग, संकर किस्मों/किस्मों की आनुवंशिक शुद्धता का मूल्यांकन करना, सोयाबीन तथा मूंगफली में बीज दीर्घता अध्ययन करना, बीज आवश्यकता की पूर्ति करने में सार्वजनिक सेक्टर की भूमिका का निर्धारण करना आदि कार्य प्रगति पथ पर है।

वर्ष 1979–80 में प्रारंभ की गई राष्ट्रीय बीज परियोजना की शुरूआत से ही, यह संस्थान देशभर में स्थित विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केन्द्रों पर प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम और बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान को बढ़ावा देने, मार्गदर्शन करने तथा समन्वयन करने में संलग्न है। किस्मों और संकरों के पैतृक वंशक्रमों के प्रजनक बीज उत्पादन के अलावा, उत्पादन कार्यक्रमों को नाभिकीय बीज उत्पादन करके पूरी तरह से सहयोग प्रदान किया जाता है। बीज सेक्टर की प्रगति में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) को प्रारंभ करना मील का पत्थर साबित हुआ जिससे बीज सेक्टर में अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव को बल मिला। इसका ज्वलंत उदाहरण बीज उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होना है । वर्ष 1981–82 में जहां प्रजनक बीज उत्पादन मात्र 3914 क्विंटल था वहीं वर्ष 2019–20 में यह बढकर 116573.31 क्विंटल के स्तर तक पहुंच गया। बीज उत्पादन एवं प्रमाणन, बीज शरीरक्रिया विज्ञान, बीज कीटविज्ञान, बीज रोगविज्ञान तथा बीज प्रसंस्करण के संबंध में बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान संघटक से समुचित प्रौद्योगिकीय सहयोग मिला है जिससे भारतीय बीज क्षेत्र में किसानों, बीज उद्योग तथा अन्य उद्यमियों को लाभ मिल रहा है।

देश में बीज उत्पादन की बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा साथ ही देश में बीज प्रतिस्थापन दर एवं किस्मीय प्रतिस्थापन दर (नई किस्मों को प्रोत्साहन) को बढ़ावा देने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा खेत फसलों, बागवानी तथा मात्स्यिकी के लिए 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ''कृषि फसलों एवं मात्स्यिकी में बीज उत्पादन'' पर भाकृअनुप बीज परियोजना को प्रारंभ किया गया। हालांकि, बाद में और वर्तमान ईएफसी प्रस्ताव के दौरान खेत फसल संघटक के साथ इसे जारी बनाये रखा गया तथा इसे अखिल भारतीय समन्वित बीज अनुसंधान परियोजना के तहत शामिल किया गया । वर्ष 2019–20 के दौरान सभी श्रेणियों सहित गुणवत्ता बीज का कुल उत्पादन 4,37,805.23 क्विंटल था जबकि इसका लक्ष्य 3,83,509.11 क्विंटल रखा गया था। उत्पादन में शामिल था : खेत फसलों का 16,992.64 क्विंटल प्रजनक बीज; 1,21,276.54 क्विंटल आधारीय बीज; 1,63,159.06 क्विंटल प्रमाणित बीज;

studies pertinent to field & seed standards and seed priming technologies to boost the seed vigour and yield. In addition, to overcome the adverse effects of soil salinity in the region, bio-priming, conservation tillage practices for quality seed production *etc* have been standardized and were being popularized. Whereas, with respect to contemporary seed research; standardization of seed standards in important medicinal plants, seed bio-priming, genetic purity assessment of hybrids/ varieties using molecular markers, seed longevity studies in soybean and groundnut, determination of public sector role in catering the seed requirement *etc.* are in progression.

Since inception of National Seed Project in 1979-80, it is involved in instituting, coordinating and promoting seed technology research and in undertaking breeder seed production at different ICAR institutes and as well as State Agricultural Universities. In addition to the breeder seed production of varieties and parental lines of hybrids, the production programmes are duly supported by nucleus seed production. In augmenting seed sector, launch of AICRP – NSP (Crops) was instrumental, which has led to sea change in the seed sector as witnessed from a meagre breeder seed production of 3914 quintals during 1981–82 to a level of 116573.31 quintals during 2019-20. Seed Technology Research (STR) in respect of seed production & certification, seed physiology, seed entomology, seed pathology and seed processing enables in appropriate technological backstopping, which is benefitting the farmers, seed industries, and other entrepreneurs of Indian seed domain.

In a bid to strengthen seed production infrastructure in the country and to address issues of VRR (promotion of new varieties) and SRR, ICAR had launched ICAR Seed Project "Seed Production in Agricultural Crops & Fisheries" during X five year plan for field crops, horticulture and fisheries; however was being continued with field crops component later on and during present EFC proposal, same is encompassed under AICRP on Seeds. During the year 2019-20, total production of quality seed including all classes were 437805.24 quintals against the target of 383509.11 quintals. Production comprises 16992.64 quintals of breeder seed, 121276.54 quintals of foundation seed, 163159.06 quintals of certified seed, 97109.52 quintals of

97,109.52 क्विंटल विश्वसनीय लेबल्ड बीज तथा 39,267.48 क्विंटल रोपण सामग्री। भाकृअनुप बीज परियोजना के तहत, वर्ष 2019–20 के दौरान, विभिन्न हितधारकों के लिए कुल मिलाकर 357 प्रशिक्षण कार्यक्रमों/प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इसी प्रकार, देशभर में विभिन्न सहयोगी केन्द्रों द्वारा बीज से संबंधित विभिन्न विषयों पर कुल 66 प्रदर्शनियों/किसान मेला/किसान गोष्ठीयों का आयोजन किया गया।

मैं, बीज विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करने में इस संस्थान को अपना मृदु सहयोग एवं ऊर्जावान नेतृत्व प्रदान करने के लिए डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का हृदय से आभारी हूं। साथ ही मैं संस्थान के सभी प्रयासों में अपना अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग देने के लिए डॉ. तिलक राज शर्मा, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) भाकृअनुप का भी आभार प्रकट करता हूं। संस्थान द्वारा किए गए निर्बाध अनुसंधान आयोजन एवं विकास में अपना उल्लेखनीय सहयोग देने के लिए मैं, डॉ. डी.के. यादव, सहायक महानिदेशक (बीज) एवं बीज इकाई, फसल विज्ञान प्रभाग, भाकृअनुप के स्टाफ सदस्यों को भी धन्यवाद देता हूं। मैं, भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ के सभी स्टाफ सदस्यों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने नेटवर्क परियोजनाओं के समन्वय और साथ ही घरेलू अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बड़ी तन्मयता के साथ कार्य किया है। मैं, विशेष रूप से डॉ. गोविन्द पाल, डॉ. अरविन्द नाथ सिंह, डॉ. कल्याणी कुमारी, सुश्री धन्या वी.जी. एवं संपादन मण्डल के अन्य सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने बहुत प्रभावी रूप से संकलन कर इस वार्षिक प्रतिवेदन का प्रकाशन समय से करने में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। मेरा यह दृढ़ विश्वास और मान्यता है कि आने वाले वर्षों में भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ बीज विज्ञान अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति करेगा और साथ ही देश के लिए बीज सुरक्षा हासिल करने में राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदान करेगा।

स्थान : मऊ
दिनांक : 30.07.2021

डॉ. संजय कुमार
निदेशक

truthfully labelled seed and 39267.48 quintals of planting material of field crops. Under ICAR Seed Project, *in-toto* 357 trainings/field days were organized for varied stakeholders during 2019-20. Similarly, 66 exhibitions/ *Kisanmelas*/ *Kisan Goshtis* were organized on diverse themes related to seed by different cooperating centres across the country.

I am quite privileged to put on record my earnest gratitude to Dr. T. Mohapatra, Hon'ble Secretary DARE & Director General ICAR for his gracious support and vibrant leadership to this institute to excel in the field of seed science research. I also express my heartfelt thanks to Dr. Tilak Raj Sharma, Deputy Director General (Crop Science) for his unremitting guidance and support in all the endeavors. I also extend my heartfelt acknowledgement to Dr. D. K. Yadava, ADG (Seeds) and to the staff, Seed Unit, Crop Science Division, ICAR for their support in smooth conductance of development activities in our institute. I convey my thanks to all the staff members of ICAR-IISS, Mau, who have worked with sincerity for coordination of network projects and also execution of in-house research projects meticulously. I put on record appreciation to Dr. Govind Pal, Dr. Arvind Nath Singh, Dr. Kalyani Kumari, Ms. Dhanya V G and other editorial team members for very well compiled and timely published Annual report. I have a firm belief and trust that in years to come ICAR-IISS, Mau would excel in seed science research and would provide national leadership in attaining seed security for the country.

Place: Mau
Date: 30-07-2021

Dr. Sanjay Kumar
Director

विषय-सूची CONTENTS

परिचय **Introduction**	I I
कार्यकारी सारांश **Executive Summary**	9 9
1. अनुसंधान कार्यक्रम एवं उपलब्धियां **1. Research Programme & Achievements**	19 19
1.1 बीज गुणवत्ता संवर्धन 1.1 Seed Quality Enhancement	19 19
1.2 बीज उत्पादन एवं प्रमाणन 1.2 Seed Production & Certification	35 35
1.3 बीज सुरक्षा 1.3 Seed Protection	53 53
1.4 प्रसार एवं आर्थिकी 1.4 Extension & Economics	55 55
1.5 नवीन परियोजना प्रस्ताव 1.5 New Project Proposal	62 62
1.6 एसटीआर प्रयोग 1.6 STR Experiments	63 63
1.7 प्रोफेशनल सम्बद्धता प्रशिक्षण (पीएटी) 1.7 Professional Attachment Training (PAT)	73 73
2. अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) **2. AICRP– National Seed Project (Crops)**	81 81
2.1 प्रजनक बीज उत्पादन **2.1 Breeder Seed Production**	81 81
2.2 बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान **2.2 Seed Technology Research**	94 94
2.2.1 बीज उत्पादन एवं प्रमाणन 2.2.1 Seed Production and Certification	94 94
2.2.2 बीज शरीरक्रिया विज्ञान, भण्डारण एवं परीक्षण 2.2.2 Seed Physiology, Storage and Testing	100 100
2.2.3 बीज रोगविज्ञान 2.2.3 Seed Pathology	112 112
2.2.4 बीज कीटविज्ञान 2.2.4 Seed Entomology	122 122
2.2.5 बीज प्रसंस्करण 2.2.5 Seed Processing	125 125

2.3 क्षमता निर्माण, पुरस्कार एवं प्रकाशन **2.3 Capacity Building, Awards and Publications**	129 129
3. भाकृअनुप – बीज परियोजना : कृषि फसलों में बीज उत्पादन **3. ICAR-Seed Project: Seed Production in Agricultural Crops**	132 132
4. जनजातीय उप–योजना **4. Tribal Sub Plan**	147 147
4.1 भारतीय बीज विज्ञान संस्थान में मुख्य स्कीम की उपलब्धियां 4.1 IISS Main Scheme Achievements	147 147
4.2 अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) की उपलब्धियाँ 4.2 AICRP-NSP (Crops) Achievements	149 149
4.3 भाकृअनुप बीज परियोजना की उपलब्धियाँ 4.3 ICAR Seed Project Achievements	156 156
5. प्रसार संबंधी गतिविधियाँ **5. Extension Activities**	158 158
6. गुणवत्ता बीज उत्पादन **6. Quality Seed Production**	163 163
7. क्षमता निर्माण – आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम **7. Capacity Building – Training Programmes Organized**	165 165
8. बौद्धिक सम्पदा अधिकार **8. Intellectual Property Rights**	171 171
9. अन्य प्रमुख गतिविधियां **9. Other Important Activities**	173 173
10. राजभाषा का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन	178
11. पुरस्कार **11. Awards**	179 179
12. सम्पर्क **12. Linkages**	180 180
13. पुस्तकालय **13. Library**	181 181
14. बैठकों / प्रशिक्षण / कार्यक्रमों / सेमिनार / कार्यशालाओं में प्रतिभागिता **14. Participation in Meetings/ Trainings/ Seminars/ Workshops**	184 184
15. प्रकाशन **15. Publications**	194 194
16. विशिष्ट आगन्तुक **16. Distinguished Visitors**	209 209
17. प्रमुख समिति एवं कार्मिकों की सूची **17. Important Committee & List of Personnel**	210 210

17.1 अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) 17.1 Research Advisory Committee (RAC)	210 210
17.2 संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) 17.2 Institute Management Committee (IMC)	211 211
17.3 भारतीय बीज विज्ञान संस्थान में कार्मिक 17.3 IISS Personnel	212 212
18. स्टाफ की स्थिति **18. Staff Position**	214 214
19. वित्तीय विवरण **19. Financial Statement**	214 214
20. घरेलू अनुसंधान परियोजनाओं की सूची **20. List of In-house Research Projects**	215 215

परिचय

आज विश्व में, कृषि योग्य भूमि एवं साफ जल संसाधनों के साथ जुड़कर जलवायु परिवर्तन के साथ–साथ लगातार बढ़ रही जनसंख्या का भरण–पोषण करने के लिए टिकाऊ आधार पर फसल उत्पादन (खाद्य) करना एक गंभीर चुनौती बन गई है। ये चुनौतियां एक अनिवार्य आदान अथवा निवेश के रूप में गुणवत्ता बीज की महत्ता को प्रतिपादित करती हैं जो कि टिकाऊ फसल उत्पादकता को सुनिश्चित करता है। बीज, आनुवंशिक सूचना की एक प्रमुख सुपुर्दगी प्रणाली का अनिवार्य अंग है जो कि कृषि फसलों के टिकाऊ उत्पादन के लिए जरूरी है। इसके अलावा, बीज, हमें भोजन, चारा, रेशा और ईंधन उपलब्ध कराते हैं। अनेक चुनौतियों के बावजूद देश में टिकाऊ खाद्यान्न उत्पादन का श्रेय काफी हद तक भारतीय किसानों के कौशल और उद्योग के साथ साथ उन्नत किस्मों/संकरों के गुणवत्ता बीजों तथा उन्नत कृषि रीतियों के उपयोग को जाता है। बीज अनुसंधान, उत्पादन और विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है जो कि गतिविधियों/उद्यमों की प्रगति में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है और इससे बीज उद्योग को निवेश–सेवा– आपूर्ति मिलती है। भारतीय बीज सेक्टर में, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) को प्रारंभ करना एक महत्वपूर्ण घटना थी जिससे प्रजनक बीज उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। वर्ष 1981–82 में जहां प्रजनक बीज उत्पादन मात्र 3914 क्विंटल था वहीं वर्ष 2019–20 में इसका उत्पादन बढ़कर 116573.31 क्विंटल के स्तर तक पहुंच गया जबकि इसका लक्ष्य 85752.80 क्विंटल रखा गया था। प्रजनक बीज उत्पादन से बीज गुणनीकरण श्रृंखला में भावी पीढ़ियों में गुणवत्ता बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है और इसके परिणामस्वरूप विभिन्न फसलों की बीज प्रतिस्थापन दर में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है।

भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ, उत्तर प्रदेश, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में बीज विज्ञान अनुसंधान पर अनुसंधान संबंधी गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले प्रमुख संस्थानों में से एक है। भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ द्वारा अखिल भारतीय आधार पर गुणवत्ता बीज उत्पादन और सामयिक बीज अनुसंधान के आयोजन और समन्वय की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान प्रयासों में बीज परीक्षण कार्यविधियों का मानकीकरण करना, दूसरी एवं तीसरी पीढ़ी की बीज प्रवर्धन रणनीतियों का मानकीकरण करना, आणविक स्तर पर बीज अंकुरण, प्रसुप्ता अवधि, ओज और दीर्घता की क्रियाविधि का खुलासा करके बीज प्रतिस्थापन दर एवं किस्मीय प्रतिस्थापन दर में बढ़ोतरी करना संबंधी कार्यों को अंतर्राष्ट्रीय बीज अनुसंधान क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूपण में चलाया जा रहा है। भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ बीज आपूर्ति श्रृंखला में बीज उत्पादकों, किसानों और अन्य हितधारकों के कल्याण के लिए घरेलू और वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने और चुनौतियों का सामना करने में नवीनीकृत ओज के साथ आगे बढ़ते हुए देश में बीज विज्ञान अनुसंधान तथा गुणवत्ता बीज उत्पादन की एक अग्रणी समन्वय इकाई के रूप में भी कार्य कर रहा है। संस्थान द्वारा बीज सुरक्षा को सुनिश्चित

Introduction

In today's world, sustainable crop production (food) for burgeoning population is a great challenge amidst changing environment coupled with dwindling arable land and fresh water resources. These challenges emphasize the importance of quality seed as one of the essential inputs that ensure sustainable crop productivity. Seeds are an important delivery system of genetic information, which are essential for sustainable production of agricultural crops. Besides, seed provides food, feed, fiber and fuel. Sustainable food grain production in the country amidst several challenges could be attributed to the use of quality seed of improved varieties/ hybrids and farming practices coupled with ingenuity of Indian farmers. Progress in seed research, production and development has been remarkable and has brought about visible growth in the activities/enterprises that provides inputs-services-supplies to the seed industry. In Indian seed sector, launch of AICRP – NSP (Crops) was incredible, which has led to a sea change as witnessed in increased breeder seed production from a meager 3914 quintals during 1981 – 82 to a level of 116573.31 quintals against the indent of 85752.80 quintals in 2019-20. The breeder seed production has ensured the availability of quality seeds in subsequent generations in the seed multiplication chain and also resulted in increased Seed Replacement Rate (SRR) of various crops.

Indian Institute of Seed Science, Mau is an unique Institute of its kind under the aegis of ICAR, aimed at carrying out activities on Seed Science Research. ICAR-IISS, Mau is catering to the needs of institution and coordination of quality seed production and contemporary seed research on pan-India basis. Research endeavors pertinent to standardization of seed testing procedures, second & third generation seed augmentation strategies, deciphering the mechanism of seed germination, dormancy, vigour and longevity at molecular level are being carried out in tune to global seed research regime needs. ICAR-IISS is marching ahead with renewed vigour to face the challenges and to harness the domestic and global opportunities in seed sector for the welfare of farmers, seed growers, and other stake holders in seed supply chain. It is working with a great zeal to secure country's food and nutritional security by ensuring the

करते हुए देश की खाद्य एवं पोषणिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत उत्साह के साथ कार्य किया जा रहा है। बीज उत्पादन तथा बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान के अपने अधिदेशों को मूर्त रूप प्रदान करने के अलावा, संस्थान द्वारा कृषि के इस महत्वपूर्ण सेक्टर में क्षमता निर्माण की जरूरतों को भी पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में, देश में अधिकांश फसल किस्मों की बीज प्रतिस्थापन दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल रही है जिसमें कृषि फसलों की उन्नत उत्पादकता और उत्पादन के लिए आने वाले वर्षों में और अधिक तेजी लाने की जरूरत है।

बीज श्रृंखला में विभिन्न तकनीकों की तीव्र प्रगति को देखते हुए, लगभग सभी घरेलू परियोजनाओं को अंतर–विषयी अनुसंधान कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है जिससे लक्षित उत्पादों/प्रौद्योगिकियों के लिए क्षमता का सदुपयोग किया जा सके। घरेलू एवं एसटीआर परीक्षणों में बीज गुणवत्ता प्रवर्धन हेतु नैनो प्रौद्योगिकियों, मूलभूत बीज अनुसंधान हेतु आणविक जीवविज्ञान में हुई प्रगति का उपयोग करने और बीज रोगजनकों की पहचान करने के लिए तथा नवीन नैदानिकी का उपयोग करने पर अनुसंधान की पहल की गई है। इसके अलावा, अनुसंधान कार्य और छात्र परियोजना कार्य का आदान–प्रदान करने के लिए संस्थान ने अनेक विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ कई समझौता ज्ञापन (MoUs) पर हस्ताक्षर किए हैं। परिषद से मिले सहयोग एवं मार्गदर्शन के साथ भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान द्वारा निश्चित तौर पर गुणवत्ता बीज प्रेरित उत्पादकता प्रवर्धन और अंततः कृषि प्रगति के लिए मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

seed security. Besides its mandate for undertaking seed production and seed technology research, the institute is catering to the needs of capacity building in this important sector of agriculture. At present the country is experiencing significant increase in Seed Replacement Rates (SRR) of majority of crop species, which needs to be bolstered in the years to come for improved productivity and production of agricultural crops.

Keeping in view with the rapid advancements of varied techniques in seed realm, all the in-house projects have been restructured for inter-disciplinary research work, which can leverage the potential for targeted products/ technologies. Research on enabling nanotechnology for seed quality augmentation, utilizing advances in molecular biology for basic seed research, and deploying novel diagnostics for seed pathogens identification have been initiated in in-house cum STR experiments. In addition, institute has signed MoUs with several universities/institutes for exchange of know-how and effective conductance of research work in this regard. ICAR-IISS with adept support and guidance of the council would certainly pave way for quality seed led productivity augmentation and thereby agricultural growth *per se*.

विजन

- प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप के माध्यम से टिकाऊ कृषि हेतु किसानों के लिए गुणवत्तायुक्त बीज सुरक्षा सुनिश्चित करना

Vision

- To ensure quality seed security to the farmers for sustainable agriculture through technological intervention.

मिशन

- बढ़ी हुई उत्पादकता, गुणवत्ता एवं संधारणीयता के लिए बीज की आनुवंशिक एवं भौतिक विशेषताओं में वृद्धि करना

Mission

- Enhancing genetic and physical characteristics of seed for increased productivity, quality and sustainability.

अधिदेश

- बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विविध क्षेत्रों में मूलभूत, रणनीतिपरक एवं अपेक्षित अनुसंधान करना
- नेटवर्क मोड के माध्यम से बीज उत्पादन एवं बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान का समन्वयन कार्य करना
- बीज उत्पादन, परीक्षण, गुणवत्ता आश्वासन, प्रमाणन एवं नीतिगत मुद्दों के क्षेत्र में क्षमता निर्माण करना

Mandate

- To perform basic, strategic and anticipatory research in seed science and technology.
- To coordinate seed production and seed technology research through network mode.
- To impart capacity building in the field of seed production, testing, quality assurance, certification and policy issues.


संगठनात्मक चार्ट
भारतीय बीज विज्ञान संस्थान (IISS)
निदेशक
पंचवर्षीय समीक्षा दल (QRT)
संस्थान प्रबंधन समिति (IMC)
अनुसंधान सलाहकार समिति (RAC)
संस्थान अनुसंधान समिति (IRC)
प्रशासन एवं प्रबंधन
अनुसंधान एवं समन्वय
प्रबंधन
प्रशासन
पीएमई सेल
ए.के.एम.यू.
आई.टी.एम.यू.
पुस्तकालय
फार्म
हिन्दी सेल
सामान्य प्रशासन
ऑडिट एवं लेखा
भण्डार एवं खरीद
सम्पदा अनुभाग
भा.कृ.अनु.प. - भा.बी.वि.सं. अनुसंधान केन्द्र, बेंगलुरु
नेटवर्क परियोजना
भा.कृ.अनु.प. बीज परियोजना केन्द्र (63)
अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-एनएसपी (फसलें)
बीएसपी केन्द्र (41)
एसटीआर केन्द्र (24)
बीज उत्पादन
बीज कार्यिकी एवं भण्डारण
बीज सुरक्षा
बीज आणविक जीवविज्ञान
बीज प्रसंस्करण
सामाजिक विज्ञान


Organogram
INDIAN INSTITUTE OF SEED SCIENCE (IISS)
DIRECTOR
Quinquennial Review Team (QRT)
Institute Management Committee (IMC)
Research Advisory Committee (RAC)
Institute Research Council (IRC)
Administration and Management
Management
PME Cell
AKMU
ITMU
Library
Farm
Hindi Cell
Administration
General Administration
Audit and Accounts
Store and purchase
Estate Section
Research & Coordination
Network Project
ICAR Seed Project Centre (63)
AICRP- NSP (Crops)
ICAR-IISS RS Bengaluru
BSP Centers (41)
STR Centres (24)
Seed Production
Seed Physiology Storage
Seed Protection
Seed Molecular Biology
Seed Processing
Social Science

कार्यकारी सारांश

Executive Summary

कार्यकारी सारांश

भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ द्वारा बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मूलभूत, प्रायोगिक, रणनीतिपरक और प्रत्याशित पहलुओं में उल्लेखनीय अनुसंधान किया गया । रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान संस्थान में आयोजित किए गए खेत एवं प्रयोगशाला परीक्षणों में मूल्यवान वैज्ञानिक जानकारी उत्पन्न की गई और उपभोक्ता अनुकूल कृषि तकनीकों का विकास किया गया। भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ में वर्ष 2020 के दौरान हासिल की गईं उल्लेखनीय अनुसंधान उपलब्धियां इस प्रकार हैं :

- जारी की गईं किस्मों, लैंडरेसे, प्रगत प्रजनक वंशक्रमों, वन्य प्रजातियों और वन्य अंतर्गमित *एस. इण्डिकम* वंशक्रमों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 400 जननद्रव्यों का संकलन किया गया। पुष्पन में लगने वाले समय (दिन), 50 प्रतिशत पुष्पन में लगने वाले समय (दिन), कैप्सूल निर्माण में लगने वाले समय (दिन), शाखा प्रवृति, प्रथम कैप्सूल गठन का नोड, प्रति नोड कैप्सूल की संख्या, पुष्पीय विशेषताओं, 100 बीजों का भार, बीज का रंग और टूटने में आसानी जैसे गुणों के लिए कुल 250 वंशक्रमों की फिनोटाइपिंग की गई।
- तुलनात्मक जीनोमिक्स अध्ययन से पता चला कि गुणसूत्र 5 में क्यूटीएल 'qSH1' के समजात में चावल की 91 प्रतिशत समरूपता प्रदर्शित हुई जबकि गुणसूत्र 11 में एसएच 5 (BEL-1 टाइप होमियोबॉक्स जीन) मौजूद था।
- तीन तथा छः माह की भण्डारण अवधि के उपरान्त प्रयोगशाला परिस्थिति के तहत बीज अंकुरण प्रतिशत का पता लगाने के लिए 33 मक्का अंतः प्रजात वंशक्रमों की जांच की गई जिसमें पता चला कि WNCDMRSCY 18R716 (भण्डारण के तीन एवं छः माह उपरान्त क्रमशः 21.5 एवं 11.5 प्रतिशत) के लिए बीज अंकुरण प्रतिशत सबसे कम था जबकि दोनों भण्डारण अवधियों के लिए WNCDMRSCY 18R715 (96 %) तथा SC मादा #506 (95 %) अंतः प्रजात वंशक्रमों के लिए अधिकतम था। परिणामों से पता चला कि आनुवंशिकीय रूप से नियंत्रण की बजाय भण्डारण द्वारा बीज अंकुरण प्रभावित नहीं हो रहा है।
- बीज ओज संबंधी गुणों के लिए कुल 155 चावल जननद्रव्य की फिनोटाइपिंग करने पर दो वंशक्रमों यथा उच्च बीज ओज गुणों के साथ आईआर 36 एवं आईआर 64 तथा न्यूनतम बीज ओज वाले एक वंशक्रम जीपी 74 (प्राप्ति संख्या 2693) की पहचान की गई ।
- ओज गुणों के लिए पहचाने गए प्रतिकूल पैतृकों का क्रास (आईआर 36 x प्राप्ति संख्या 2693 तथा आईआर 64 x प्राप्ति संख्या 2693) कराया गया और एकल बीज डिसेन्ट विधि के माध्यम से दो रिकाम्बीनेंट अंतः प्रजात संख्या तैयार

Executive Summary

Indian Institute of Seed Science, Mau has performed significant research in basic, applied, strategic and anticipatory aspects of Seed Science and Technology. Field and laboratory experiments conducted at the institute during the year generated invaluable scientific information and development of user-friendly agro-techniques. The significant achievements made in research during 2020 at ICAR-IISS, Mau are as follows:

- 400 germplasm lines representing released varieties, landraces, advance breeding lines, wild species and wild introgressed *S. indicum* lines were collected. 250 lines were phenotyped for days to flowering, days to 50% flowering, days to capsule formation, branching habit, the node of first capsule formation, number of capsules per node, flower characteristics, 100 seed weight, seed colour and ease of shattering.
- Comparative genomics revealed that the homologue of QTL 'qSH1' in chromosome 5 showed 91% similarity to rice, while SH5 (the BEL-1 type homeobox gene) was present in chromosome 11.
- Thirty three sweet corn inbred lines investigated for seed germination percentage under laboratory condition after a storage period of three and six months revealed seed germination percentage to be lowest for WNCDMRSCY18R716 (21.5 % and 11.5 % after 3 and 6 months storage, respectively) and highest for WNCDMRS-CY18R715 (96 %) and SC Female #506 (95 %) inbred lines for both the storage periods. The results indicated seed germination is not being influenced by storage period rather genetically controlled.
- Phenotyping of the 155 rice germplasm lines for seed vigour characters identified two lines *viz*., IR36 and IR64 with high seed vigour characters and one line GP74 (Acc. No. 2693) with lowest seed vigour.
- The identified contrasting parents for vigor traits were crossed (IR36 × Acc. No. 2693 and IR64 × Acc. No. 2693) and developed two Recombinant Inbred Population through single seed descent

की गईं और ये संख्या अथवा पापुलेशन F_9 पीढ़ी में थीं।

- चावल में जैव रासायनिक जांच के माध्यम से एल्यूरोन परत रंग के वंशागतित्व पैटर्न का निरूपण किया गया। दोनों क्रास की F_2 संततियों में मानक फिनोल/संशोधित फिनोल, NaOH तथा KOH जांच के साथ रंग पैटर्न में क्रमशः 9 : 7 (अनुपूरक जीन पारस्परिकता) तथा 11 : 5 अनुपात (प्रतिगामी युग्मविकल्पी का प्रतिलोम प्रबलता संशोधन) प्रदर्शित हुआ।
- रासायनिक जांच यथा मानक फिनोल जांच, संशोधित फिनोल जांच, NaOH जांच तथा KOH जांच के आधार पर चावल के कुल 155 जननद्रव्य वंशक्रमों का लक्षणवर्णन किया गया और पहचान की गई जिसमें पता चला कि अध्ययन किए गए अधिकांश वंशक्रम एक दूसरे से भिन्न थे।
- तीन विभिन्न वातावरण में बीज ओज गुणों के लिए आरआईएल संख्या अथवा पापुलेशन आईआर 36 x प्राप्ति संख्या 2693 की फिनोटाइपिंग की गई और साथ ही बहुरूपीय एसएसआर मार्करों के साथ जीनोटाइपिंग की गई।
- अरण्डी के संकरों यथा जीसीएच 5, जीसीएच 6 एवं जीसीएच 7, जीसीएच 8 तथा वाईआरसीएच 1 एवं उनके संबंधित पैतृक वंशक्रमों के डीएनए को सात दिन पुरानी अरण्डी पौध से अलग किया गया। आनुवंशिक परिशुद्धता परीक्षण के लिए संदर्भित संकरों की छंटाई करने के लिए कुल मिलाकर 36 एसएसआर मार्कर/प्राइमरों की डिजाइन तैयार की गई।
- जैव अपघटनीय पॉलीमर प्रणाली का उपयोग करते हुए नैनो रेशा संश्लेशण किया गया और नैनो रेशा की इलेक्ट्रो स्पिनिंग हेतु सेलुलोज एसिटेट पॉलीमर प्रणाली के मानकीकरण कार्य को पूरा किया गया।
- पॉलीमर प्रणाली में एनालाइट के निषेचन के संबंध में इथिल सेलुलोज पॉलीमर प्रणाली के माध्यम से GA_3 का प्रयोग हासिल किया गया।
- फसलों यथा सोयाबीन, धान तथा चने में बीज ओजता पर नैनो स्तरीय सामग्री के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए कुल पांच धातु ऑक्साइड नैनो कणों यथा टिटेनियम डाइ–ऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, सिल्वर, कॉपर ऑक्साइड और जीरो वैलेन्ट आयरन का उपयोग करके नैनो पार्टिकल्स संश्लेषण का अध्ययन किया गया। सभी पांच नमूनों में, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (TEM) और पार्टिकल आकार विश्लेषण से यह पर्याप्त रूप से पता चला कि संश्लेषित किए गए नैनो पार्टिकल्स नैनो स्केल पर हैं जिनका उपयोग बीज शक्तिवर्धन अध्ययन पर पुनः अन्वेषण करने में किया जा सकता है ।
- चावल की किस्म एचकेआर 126 में, बीज अंकुरण, ओजता गुणों, फ्लैग पत्ती लंबाई/चौड़ाई, पौधा ऊंचाई और रोग प्रकोप के संबंध में ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स (RRB -

method and the populations were in F_9 generation.

- Delineated the inheritance pattern of aleurone layer colour through bio-chemical tests in rice. The colour pattern with standard phenol/modified phenol, NaOH and KOH tests in F_2 progenies of both the crosses showed 9:7 (complementary gene interaction) and 11:5 ratios (reciprocal dominance modification of recessive alleles), respectively.
- Characterization and identification of 155 germplasm lines of rice based on chemical test viz., Standard phenol test, Modified phenol test, NaOH test and KOH test revealed that, most of the germplasm studied were distinct from others.
- The RIL Population IR36 × Acc. No. 2693 was phenotyped for seed vigour characters in 3 different environments as well as genotyped with polymorphic SSR markers.
- DNA of castor hybrids GCH-5, GCH-6 and GCH-7, GCH-8, GCH-9 and YRCH-1 along with its respective parental lines was isolated from 7 days old castor seedling. In toto, 36 SSR markers/primers are designed for screening of referred hybrids for genetic purity testing.
- Nano-fibre synthesis with the use of biodegradable polymer system was carried out and standardization of cellulose acetate polymer system for electro spinning of nano-fibres was completed.
- With respect to infusion of analyte in polymer system, application of GA_3 through Ethyl cellulose polymer system was achieved.
- To study the effect of nano scale materials on seed invigoration in crops *viz*. soybean, paddy & chickpea, synthesis of nanoparticles has been studied using Titanium dioxide, Zinc oxide, Silver, Copper oxide and Zero-valent Iron. In all the 05 samples, Transmission Electron Microscopy (TEM) and Particle Size analysis substantiates that the nanoparticles synthesized at nano scale can be used for further exploration on seed invigoration studies.
- In rice variety HKR 126, seed treatment with *Brevibacterium halotolerans* (RRB-31) exhibited promising results in comparison with control *w.r.t* seed germination, vigour attributes, flag leaf

31) के साथ बीज उपचार करने पर कंट्रोल के मुकाबले कहीं बेहतर परिणाम प्रदर्शित हुए। अन्य सभी उपचारों की तुलना में, बीज अंकुरण, ओजता गुणों, पौधा ऊंचाई और रोग प्रकोप के संबंध में जड़ को भिगाने पर सबसे अच्छे परिणाम देखने को मिले। चने की किस्म उदय में, मैक्रोफोमिना फैजियोलिना के कारण जड़ सड़न के विरूद्ध ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स (RRB - 31) के साथ मृदा उपचार करने पर अधिकतम प्ररोह लंबाई (16.40 सेमी.), अंकुरण (84.70 %), ओजता सूचकांक – 1 (2677) ओजता सूचकांक – 2 (301. 53), जैविक उपज (16.64 क्विंटल / हे.) तथा बीज उपज (7. 14 क्विंटल / हे.) दर्ज की गई।

- GA_3 तथा मैलिक हाइड्राजाइड के साथ संयोजन में इसका प्रयोग करने का फिलामेन्ट, स्टाइल तथा वर्तिकाग्र की लंबाई पर उल्लेखनीय प्रभाव देखने को मिला जो कि पीएस–1 (धान) में बढ़ी हुई क्रासिंग के लिए उत्तरदायी है।
- उच्चतर आउट क्रासिंग के लिए उत्तरदायी वंशक्रम की पहचान करने के लिए कृष्ट जीनप्ररूपों और वंश इल्यूसाइनी (पांच विभिन्न प्रजातियों की सात प्राप्तियों को शामिल करके) के वन्य संजात के बीच अंतर–विशिष्ट संकरण किया गया।
- बढ़ी हुई आयु पर कुल 66 जननद्रव्य वंशक्रमों की जांच की गई और मूंगफली में आयु को तेजी से बढ़ाने में तीन दिन की आयु अनुकूलतम पाई गई।
- अध्ययन में सभी किस्मों के कंट्रोल और पुराने बीज समूहों के बीच अंकुरण और ओज सूचकांक में अंकुरण प्रतिशत कमी हेतु उल्लेखनीय भिन्नता पाई गई। इसके अलावा, उपज संबंधी गुणों के लिए पहचाने गए सभी जीनप्ररूपों के बीच उच्च भिन्नता प्रदर्शित हुई।
- उपज संबंधी गुणों के मामले में बेहतर वंशक्रम जिनमें उच्च दीर्घता पाई जाती है, द्वारा पुनः अन्वेषण के आधार पर श्रेष्ठ मूंगफली जीनप्ररूपों में इन गुणों का हस्तांतरण करने के लिए संकरण कार्यक्रमों के दौरान क्षमताशील दाताओं अथवा पैतृकों के रूप में योगदान किया जा सकता है ।
- भारत में स्थित विभिन्न केन्द्रों से सोयाबीन के कुल 190 जननद्रव्य वंशक्रमों को संकलित किया गया और सभी वंशक्रमों का गुणनीकरण किया गया। बीज दीर्घता के मूल्यांकन हेतु अंकुरित इन 157 वंशक्रमों और तेजी से बढ़ती आयु वाले वंशक्रमों की जांच की गई। वर्तमान अध्ययन में चयनित सोयाबीन किस्मों में आयु की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु छः दिनों की आयु अनुकूलतम पाई गई।
- छांटे गए कुल 157 जननद्रव्य वंशक्रमों में से उच्च दीर्घता (अंकुरण में <15% कमी) वाले दस वंशक्रमों और कम

length/width, plant height and disease incidence. In comparison to all the treatments, root dipping exhibited best results *w.r.t* germination, vigour attributes, plant height and disease incidence. In chickpea variety Uday, maximum shoot length (16.40 cm), germination (84.70 %), vigour index-I (2677), vigour index-II (301.53), biological yield (16.64 q/ha) and seed yield (7.14 q/ha) was observed in treatment soil treatment with *Brevibacterium halotolerans* (RRB-31) against root rot causing *Macrophomina phaseolina.*

- Application of GA_3 and its combination with Maleic Hydrazide has significant influence on length of filament, style and stigma, which in turn is responsible for enhanced out crossing in PS-1 (paddy).
- Interspecific hybridization was carried out between cultivated genotypes and wild relatives of genera *Eleusine* (involving 7 accessions of 5 different species) in search of line amenable for higher out-crossing.
- A total of 66 germplasm lines were subjected to accelerated ageing test and three days of ageing was reported to be optimum for accelerating ageing in groundnut.
- The study reported significant variability for germination, percent reduction in germination and vigor indices among the control and aged seed lots of all the varieties. Besides, high variability among all the genotypes was identified for yield related traits.
- The lines that are superior for yield related traits and possess high longevity could either serve as potential donors or parents during hybridization programmes, for transfer of these traits into elite groundnut genotypes based on further investigation.
- A total of 190 germplasm lines of soybean were collected from various centres across India and all the lines were multiplied. Among these 157 lines germinated, and the lines were subjected to accelerated ageing test for assessment of seed longevity. The current study reported six days of ageing to be optimum for accelerating the process of ageing in selected soybean varieties.
- Out of the 157 germplasm lines screened, ten lines with high longevity (<15% reduction in

दीर्घता (अंकुरण में >70% कमी) वाले दस वंशक्रमों की पहचान की गई जिनका उपयोग सोयाबीन में दीर्घता के वंशागतित्व का पता लगाने में किया जा सकता है।

- कुल 18 सुगंधित गैर बासमती धान के बीज नमूनों में प्रसुप्ता अवधि का मूल्यांकन करने पर पाया गया कि विभिन्न किस्मों में प्रसुप्ता व्यवहार का भिन्नात्मक पैटर्न था। कुछ किस्मों में यह पांच माह से भी अधिक समय तक चला। इन सुगंधित गैर बासमती धान किस्मों के बीजों में प्रसुप्ता अवस्था को भंग करने के लिए इनमें भिन्न अवधि के लिए शुष्क ताप उपचार (50°C) दिया गया और भिन्न सान्द्रता वाले रासायनिक उपचारों यथा GA_3, KNO_3 तथा SNP (सोडियम नाइट्रोप्रूसाइड) का प्रयोग किया गया। उपचार के संबंध में भिन्न किस्मों में अलग अलग प्रतिक्रिया देखने को मिली।
- चावल सघनीकरण प्रणाली (SRI) के अंतर्गत उल्लेखनीय रूप से अधिकतम बीज, पुआल और जैविक उपज दर्ज की गई। फसल स्थापना की विभिन्न विधियों में बीज गुणनीकरण अनुपात में उल्लेखनीय रूप से भिन्नता देखने को मिली और चावल सघनीकरण प्रणाली में उल्लेखनीय रूप से अधिकतम बीज गुणनीकरण अनुपात (975.60) एवं तदुपरान्त दोहरा पौधरोपण (850.60), पौध रोपित धान (150.70) तथा सीधी बीजाई (66.87) में दर्ज किया गया।
- फसल बढ़वार के संबंध में जैविक स्रोतों (गोबर की खाद के माध्यम से 50 प्रतिशत आरडीएन + वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से 50 प्रतिशत आरडीएन + 10 किलोग्राम पीएसबी/हे. + 10 किलोग्राम केएसबी/हे.) के माध्यम से नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटेशियम का प्रयोग करना अजैविक उपचार के साथ आंकड़ों की दृष्टि से समतुल्य पाया गया। पुनः विभिन्न किस्मों में फसल बढ़वार में उल्लेखनीय कमी देखने को मिली।
- विभिन्न बीजजनित रोगजनकों के विरूद्ध अलग–अलग जैव नियंत्रण एजेन्टों के दोहरे संवर्धन आमाप में, प्रतिशत निरोध डाटा से प्रदर्शित हुआ कि *ट्राइकोडर्मा* की सभी प्रजातियों द्वारा सभी रोगजनकों की बढ़वार को रोका गया। *ट्राइकोडर्मा विरिडे* , *ट्राइकोडर्मा हार्जेनम* तथा *ट्राइकोडर्मा हैमेटम* द्वारा सात दिनों के उपरान्त क्रमशः 71.94 प्रतिशत तक, 80.23 प्रतिशत तक और 71.99 प्रतिशत तक रोकथाम की गई। *ट्राइकोडर्मा ऐस्पेरेलम* द्वारा सबसे कम यथा 56.79 प्रतिशत तक ही माइसीलियल बढ़वार को रोका जा सका।
- *यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स* के कारण होने वाला चावल का फाल्स स्मट एक नया उभरता हुआ रोग पाया गया जिसके कारण प्रजनक बीज उत्पादन और साथ किसानों के खेतों में भारी नुकसान होता है।

germination) and ten lines with low longevity (>70% reduction in germination), were identified that could be used as parents for dissecting the inheritance of longevity in soybean.

- Evaluation of dormancy duration in 18 aromatic non-basmati paddy seed samples showed that different varieties showed different pattern of dormancy behavior. In some of the varieties it lasts for more than five months. To break dormancy in these aromatic non-basmati paddy cultivars seeds were subjected to dry heat treatment (50°C) for different duration and chemical treatment *viz.* GA_3, KNO_3 and SNP (Sodium Nitroprusside) of different concentration. Different varieties showed different response towards the treatment.
- Significantly maximum seed, straw and biological yield were recorded under System of Rice Intensification (SRI). Seed multiplication ratio differed significantly with different crop establishment methods and system of rice intensification recorded significantly highest seed multiplication ratio (975.60) followed by double transplanting (850.60), transplanted rice (150.70) and direct seeded rice (66.87).
- Application of NPK through organic sources (50 % RDN through FYM+ 50 % RDN through vermicompost + 10kg PSB/ ha + 10kg KSB/ ha) was found statistically on par with inorganic treatment in terms of crop growth. Further, different varieties also brought about significant differences in crop growth.
- In dual culture assays of different biocontrol agents against different seed borne pathogens, per cent inhibition data shows that all the species of *Trichoderma* inhibited the growth of all the pathogens. *Trichoderma viride, Trichoderma harzianum*, and *Trichoderma hamatum* inhibited the growth up to 71.94 per cent, 80.23 per cent and 71.99 per cent respectively after 7 days. *Trichoderma asperellum* was least effective with 56.79 per cent mycelial growth inhibition.
- False smut of rice caused by *Ustilaginoidea virens*is was found to be a new emerging disease causing heavy losses in breeder's seed production and also in farmer's fields.

- कुल दो सौ धान बीज नमूनों में से, 10 प्रतिशत नमूने बंट रोगजनक (1 से 3 प्रतिशत) से संक्रमित पाए गए। दृश्य रूप से अवलोकन करने पर एकत्रित किए गए डाटा में यह पाया गया कि 12 प्रतिशत बीज नमूनों में विभिन्न बीज से सम्बद्ध माइकोफ्लोरा द्वारा उत्पन्न बीज के बदरंग होने के हल्के लक्षण थे। आंकड़ों से पता चला कि 15 प्रतिशत नमूनों में अंकुरण प्रतिशत आईएसटीए मानकों (<80%) से कम था।
- *एलियम* पैराडॉक्सम से 15 क्लोरोप्लास्ट एसएसआर मार्करों की डिजाइन तैयार की गई और इनका उपयोग 18 *एलियम* प्रजातियों का लक्षणवर्णन करने के लिए किया गया।
- पाए गए पीआईसी मान और द्रुमारेख के आधार पर, यह निष्कर्ष निकलता है कि कुछ प्रजातियां एक दूसरे के साथ निकटस्थ जुड़ी हुई थीं जिनका उपयोग प्याज जीनप्ररूपी सुधार के लिए क्रास प्रयोजन हेतु किया जा सकता है।
- इन विभिन्न *एलियम* प्रजातियों का लक्षणवर्णन करने से रखरखाव और संरक्षण करने में मदद मिलेगी और इनका उपयोग भविष्य में फसल सुधार हेतु किया जा सकेगा।
- अध्ययन में एक से छः संख्या में युग्मविकल्पी संख्या, 0.104 से 0.733 तक विषमयुग्मजता और 0.09 से 0.68 की पीआईसी भिन्नता जैसे पैरामीटर पाए गए।
- युग्मविकल्पी आकार में भिन्नता 100 से 600 bp के बीच पाई गई जिससे *एलियम* जननद्रव्य लक्षणवर्णन और फसल सुधार के लिए cpSSR मार्करों की महत्ता का पता चलता है।
- अध्ययन किए गए कुल 37 मार्करों में, 26 (54 प्रतिशत) में बहुरूपता प्रदर्शित हुई जबकि अध्ययन किए गए सभी जीनप्ररूपों में 6 मार्कर एकलरूपीय थे। एसएसआर मार्करों द्वारा प्रति मार्कर दो युग्मविकल्पी के औसत के साथ प्रति मार्कर 2 से 7 युग्मविकल्पी की सीमा में कुल 74 युग्मविकल्पी उत्पन्न किए गए। वर्तमान अध्ययन से 37 एसएसआर की क्षमता की पुष्टि हुई जो कि दो संकरों वाली चावल किस्मों में भिन्नता करने में सार्वभौमिक कोर सेट एसएसआर का एक उप–समूह है और अत्यधिक बहुरूपीय, सूचनाप्रद थे और इनमें जीनोम के बीच एकसमान वितरण था। आकृतिविज्ञान गुणों की तुलना में एसएसआर मार्करों द्वारा चावल किस्मों व संकरों का लक्षणवर्णन करने के लिए एक व्यापक युग्मविकल्पी भिन्नता प्रदान की जाती है। ये मार्कर विविधता विश्लेषण के लिए उपयोगी होते हैं। भविष्य में एसएसआर मार्करों द्वारा उत्पन्न जीनप्ररूपी विशिष्ट युग्मविकल्पी किस्मीय पहचान करने में उपयोगी होंगे। संरचना विश्लेषण, दूरी आधारित क्लस्टरिंग एवं प्रधान संघटक विश्लेषण के माध्यम से जीनप्ररूपी वर्गीकरण से भी इसी प्रकार के

- Out of total 200 paddy seed samples, 10% samples were infected with bunt pathogen (1-3%). Data on visual observations showed that 12% seed samples were shown mild symptoms of seed discoloration produced by different seed associated mycoflora. Data showed that 15% samples had germination per cent below the ISTA standards (<80%).
- Fifteen chloroplast SSR markers were designed from *Allium* paradoxum and used for characterization of eighteen *Allium* species.
- On the basis of observed PIC value and dendrogram, the finding suggests that few species were closely related to each other which could be used for crossing for onion genotypic improvement.
- Characterisation of these diverse *Allium* species would help in maintenance and conservation and could be used in future for crop improvement.
- The studied and observed parameters such as allele number which varies from 1 to 6, heterozygosity from 0.104 to 0.733 and PIC varies from 0.09 to 0.68.
- Range of allele size varies from 100 to 600 bp which reveals significance of cpSSR markers for *Allium* germplasm characterisation and crop improvements.
- Out of 37 markers studied, 26 (54%) showed polymorphism while 6 were monomorphic in all the genotypes studied. The SSR markers produced a total of 74 alleles ranging from 2 to 7 alleles per marker with an average of 2 alleles per marker. The present study confirmed the potential of the 37 SSRs which is a subgroup of universal core set SSRs in differentiating the rice varieties with two hybrids, and were highly polymorphic, informative and had uniform distribution across the genome. SSR markers provide a greater allelic discrimination for the characterization of rice varieties and hybrids as compared to morphological traits. They are useful for diversity analysis. Genotypic specific alleles generated by SSR markers in future useful in variety identification. Genotypic grouping through structure analysis, distance-based clustering and principal component analysis were similar

परिणामों की पुष्टि हुई।

- बीज श्रृंखला के अंतर्गत मूल प्रजनक किस्मों के डीयूएस गुणों (विशिष्ट एकसमान स्थिर) में जीनप्ररूप तथा पर्यावरण पारस्परिकता के प्रभाव को जानने हेतु रखरखाव प्रजनन कार्यक्रम को अपनाकर सोयाबीन में नैदानिकी गुणों पर जांच की गई। इसके दौरान केन्द्रक बीज से आधारीय बीज तक प्रारंभ हुए बीज उत्पादन चक्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया गया जिसमें प्रजनक बीज उत्पादन – खेत फसल इकाई में उगाई गईं सोयाबीन किस्मों की आनुवंशिक परिशुद्धता को बनाये रखने के लिए एकल पौधा चयन विधि का अनुपालन किया गया।

- अध्ययन में कसावा की कुल 15 किस्मों का उपयोग किया गया। यह पाया गया कि अन्य स्टार्च स्रोतों की तुलना में कसावा स्टार्च में एकसमान जिलेटीनाइजेशन एवं रिट्रो ग्रेडेशन विशेषताएं, कमतर जिलेटीनाइजेशन तापमान और उच्चतर जल बाइन्डिंग क्षमता है।

- सेकेण्डरी डाटा (2018) का विश्लेषण करने पर यह प्रदर्शित होता है कि भारतीय बीज क्षेत्र में औपचारिक तथा अनौपचारिक सेक्टर का अनुपात सभी फसलों के लिए 54 : 46, अनाज फसलों के लिए 64 : 36, दलहन के लिए 29 : 71 एवं तिलहन के लिए 44 : 56 है।

- किसानों को गुणवत्ता बीजों की आपूर्ति करने के संबंध में औपचारिक एवं अनौपचारिक सेक्टर के योगदान का अध्ययन करने के लिए प्राइमरी डाटा का विश्लेषण किया गया । प्राइमरी डाटा का विश्लेषण करने (126 जिलों से किसानों की संख्या 9806) पर पता चला कि किसानों को गुणवत्ता बीजों की आपूर्ति करने के संबंध में औपचारिक एवं अनौपचारिक सेक्टर का अनुपात सभी फसलों के लिए 64 : 36, अनाज फसलों के लिए 67 : 33, दलहन के लिए 57 : 43 तथा तिलहन के लिए 52 : 48 है।

बहु–आयामीय सम्बद्धता का विश्लेषण करने के प्रयोजन से PCoA किया गया जिसके माध्यम से समानता सूचकांक के आधार पर उपयोग किए गए डाटासेट में आनुवंशिक विचरण के अनुपात का वर्णन किया जाता है (चित्र 9)। विश्लेषण के माध्यम से समानता सूचकांक के आधार पर चार समूहों में जीनप्ररूपों की क्लस्टरिंग का पता चला और प्रथम दो प्रधान समन्वयक (समन्वयक 1 एवं समन्वयक 2) को कुल भिन्नता के 29.3 प्रतिशत का वर्णन करने वाले PCoA के साथ क्रमशः 17.2 एवं 12.1 प्रतिशत की भिन्नता के लिए लिया गया। किस्मीय समूहीकरण पैटर्न वर्तमान अध्ययन में जातिवृत्तीय आधारित क्लस्टर विश्लेषण के साथ संगामी अथवा समवर्ती है।

PCoA was also performed to analyze multi-dimensional relationships that describe the proportion of genetic variance in the dataset used based on the similarity indices (Fig. 9). Analysis revealed clustering of genotypes into four groups based on similarity indices and the first two principal coordinates (coordinate1 and coordinate2) accounted for 17.2 and 12.1 % of variation respectively (based on eigen values) with PCoA explaining 29.3 % of total variation. The varietal grouping pattern is also concurrent with the phylogeny based cluster analysis in the present study.



चित्र 9 : एसएसआर मार्कर डाटा के आधार पर 29 सोयाबीन जीनप्ररूपों की 2D PCoA क्लस्टरिंग

Fig. 9: 2D PCoA clustering of 29 soybean genotypes on the basis of SSR marker data.

अनूठे युग्मविकल्पी : पहचाने गए 34 बहुरूपीय युग्मविकल्पी में, आठ युग्मविकल्पी को विशिष्ट किस्मों में उत्पन्न अनूठे युग्मविकल्पी के रूप में पाया गया। Satt406 द्वारा किस्म पीके

Unique alleles: Among the 34 polymorphic alleles identified, eight were detected to be unique alleles generated in specific varieties. Satt406 generated

472 से जुड़े 150 bp के अनूठे युग्मविकल्पी उत्पन्न किये गए (चित्र 10)। इसी प्रकार, Satt288 द्वारा किस्म एसएल 525 में 100 bp का एम्पलीकॉन आकार उत्पन्न किया गया। मार्कर Satt285 द्वारा 90 bp, 100 bp आकार वाले दो युग्मविकल्पी परिवर्त उत्पन्न किए गए जिसमें 90 bp किस्म जेएस 93–05 की पहचान हेतु विशिष्ट था और दोनों युग्मविकल्पी को किस्म जेएस 335 में प्रवर्धित किया गया। इसी प्रकार, Satt440 द्वारा 70 bp, 80 bp आकार वाले दो युग्मविकल्पी उत्पन्न किए गए जिनकी मदद से कालीतूर किस्म को अन्य से स्पष्ट रूप से भिन्न किया जा सका। Satt264 द्वारा 180 bp आकार वाला एक युग्मविकल्पी प्रवर्धित किया गया जिसके माध्यम से अन्य किस्मों से एमएयूएस 61 को स्पष्ट तौर पर भिन्न दर्शाया जा सका। Satt243 द्वारा किस्म एनआरसी 7 में 140 bp आकार वाला एक अनूठा युग्मविकल्पी प्रवर्धित किया गया। इन आठ अनूठे युग्मविकल्पी द्वारा विशिष्ट प्राइमर युग्म उत्पन्न किए गए जो कि सोयाबीन की सात किस्मों की पहचान करने हेतु अज्ञेय हैं।

unique allele of 150 bp specific to variety PK 472 (Fig. 10). Similarly, Satt288 produced amplicon size of 100 bp in variety SL 525. Marker Satt285 produced two allelic variants of size 90 bp, 100 bp wherein 90 bp was specific for the identification of variety JS 93-05 and both the alleles were amplified in the variety JS 335. Similarly, Satt440 produced two alleles of size 70 bp, 80 bp that could inadvertently distinguish Kalitur variety from others. Satt264 amplified one allele of size 180 bp that could visually distinguish MAUS 61 from other varieties. Satt_243 amplified an exclusive allele size of 140 bp in the variety NRC 7. These eight unique alleles generated by specific primer pairs are indistinguishable for the identification of seven soybean varieties.



चित्र 10 : 29 सोयाबीन किस्मों के लिए प्राइमर युग्म Satt406 की प्रवर्धन प्रोफाइल। L-डीएनए लैडर (50 इच)। 1 से 29 लेन की संख्या इस प्रकार सोयाबीन की किस्मों के सादृश्य हैं (1) कालीतुर (2) करूनी (3) एनआरसी 105 (4) एमएसीएस 450 (5) एनआरसी 130 (6) एनआरसी 131 (7) जेएस 97–52 (8) जेएस 335 (9) जेएस 76 –205 (10) जेएस 95–60 (11) जेएस 20–69 (12) जेएस 20–34 (13) जेएस 80–21 (14) एमएयूएस 71 (15) एनआरसी 37 (16) एनआरसी 86 (17) आरकेएस 24 (18) आरवीएस 2001–4 (19) आरवीएस 2001–18 (20) जेएस 93–05 (21) टाइप 49 (22) जेएस 20–98 (23) एनआरसी 7 (24) एसएल 525 (25) शिलाजीत (26) पीएस 1092 (27) एमएयूएस 61 (28) इन्दिरा सोया 9 (29) पीके 472

Fig. 10 : Amplification profile of primer pair Satt406 for 29 soybean cultivars. L- DNA ladder (50 bp). The numbers of lanes 1 to 29 correspond to the soybean cultivars as follows (1.) Kalitur (2.) Karune (3.) NRC 105 (4.) MACS 450 (5.) NRC 130 (6.) NRC 131 (7.) JS 97-52 (8.) JS 335 (9.) JS 76-205 (10.) JS 95-60 (11.) JS 20-69 (12.) JS 20-34 (13.) JS 80-21 (14.) MAUS 71 (15.) NRC 37 (16.) NRC 86 (17.) RKS 24 (18.) RVS 2001-4 (19.) RVS 2001-18 (20.) JS 93-05 (21.) Type 49 (22.) JS 20-98 (23.) NRC 7 (24.) SL 525 (25.) Shilajeet (26.) PS 1092 (27.) MAUS 61 (28.) Indira Soya 9 (29.) PK 472

दुर्लभ युग्मविकल्पी : पौधों की नवीन किस्मों के संरक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय यूनियन के दिशानिर्देशों के अनुसार दुर्लभ युग्मविकल्पी होते हैं जो कि किसी विशिष्ट लोकस में उपस्थित रहते हैं और एक सहमत थ्रेसहोल्ड (आमतौर पर 5 से 10 प्रतिशत) से कम की आवृति के साथ प्रकट होते हैं और इसलिए

Rare alleles: As per International Union for the Protection of New Varieties of Plants (UPOV) guidelines, the rare alleles are those present at a specific locus and appear with a frequency below an agreed threshold (commonly 5-10%) and hence they

इन्हें किस्म की पहचान में आजमाया जा सकता है। वर्तमान अध्ययन में, दो से तीन किस्मों में प्रकट होने वाले दो दुर्लभ युग्मविकल्पी को खोजा गया। दो किस्मों यथा कालीतुर तथा करूनी में Satt 245 मार्कर से उत्पन्न 70 bp का एम्पलीकॉन आकार प्रकट हुआ जबकि Satt 431 मार्कर से उत्पन्न 90 bp आकार वाला एक अन्य युग्मविकल्पी तीन किस्मों यथा कालीतुर, एनआरसी 105 और आरकेएस 24 में प्रकट हुआ।

1.1.3 तिल (*सीसेमम इण्डिकम* एल.) में टूटन, बीज ओज एवं संबंधित गुणों को प्रभावित करने वाले जीनोमिक क्षेत्रों की पहचान एवं सम्बद्धता मानचित्रण

परिचय :

अपनी व्यापक निर्यात अर्जन क्षमता के साथ तिल (*सीसेमम इण्डिकम* एल 2 n = 2 x = 26) भारत की एक प्रमुख तिलहनी फसल है जो कि पेडालियासिये कुल से संबंधित है। तिल के बुवाई क्षेत्रफल और उत्पादन के मामले में विश्व में भारत का प्रथम स्थान है (IOPEC, 2017) लेकिन उत्पादकता मान विश्व औसत (विश्व औसत : 554 किग्रा./हे; भारतीय औसत : 417.2 किग्रा./हे.) की तुलना में बहुत ही कम है (FAOSTAT, 2017) बेडीजियन (2004) का यह निष्कर्ष है कि वन्य प्रजाति, एस. मलाबारिकम से कृष्ट तिल (*एस. इण्डिकम* एल.) की शुरूआत हुई और इस फसल की खेती इतिहास–पूर्व समय के दौरान भारतीय उप महाद्वीप में प्रारंभ की गई थी। अपेक्षाकृत कम नमी मात्रा और बहुत कम प्रबंधन के साथ भी तिल में अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है और इसलिए इसे एक नकदी फसल के रूप में भारत के गरीब और सीमान्त किसानों द्वारा पसंद किया जाता है। उजन एवं कैगिरजन (2006) द्वारा कम उपजशील विशेष स्फोटक किस्मों की खेती की पहचान की गई जिनमें दलन अथवा थ्रेसिंग के दौरान उल्लेखनीय उपज नुकसान, अनिर्धारित वृद्धि पाई जाती है और यहां तक कि कैप्सूल्स का असमान रूप से पकना पाया जाता है। इसके साथ ही जैविक तथा अजैविक दबावों के प्रति उन्नत सहिष्णु किस्मों की कमी भी तिल की उपज क्षमता को सीमित करने वाले प्रमुख कारक हैं ।

उद्देश्य :

- फली टूटन एवं संबंधित सस्यविज्ञान गुणों के लिए तिल प्राप्तियों का मूल्यांकन करना
- तिल में टूटन अथवा विध्वंस से होने वाले नुकसान, उच्च बीज ओज एवं सम्बद्धता गुणों से जुड़े एसएसआर मार्करों की पहचान करना
- GWAS के माध्यम से तिल में टूटन अथवा विध्वंस से होने वाले नुकसान, उच्च बीज ओज एवं सम्बद्धता गुणों से जुडे जीनोमिक क्षेत्रों की पहचान करना

परिणाम

जननद्रव्य संकलन

अभी तक, हमने कुल 400 जननद्रव्य वंशक्रमों को संकलित किया है जो कि प्रगत प्रजनन वंशक्रमों, जारी की गई किस्मों, स्थानीय अप्रसंस्कृत किस्मों लैण्डरेसिस वन्य किस्मों और वन्य अंतर्गमित *एस. इण्डिकम* वंशक्रमों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

may also be employed in cultivar identification. In the current study, two rare alleles were detected which appeared in two to three varieties. Amplicon size of 70 bp generated from Satt245 marker appeared in two varieties Kalitur and Karune, whereas another allele sized 90 bp generated from Satt431 marker appeared in three varieties *viz.,* Kalitur, NRC 105 and RKS 24.

1.1.3 Association mapping and identification of genomic regions affecting shattering, seed vigour and related traits in Sesame (*Sesamum indicum* L)

Introduction:

Sesame (*Sesamum indicum* L; 2n=2x=26) is an important oilseed crop of India belonging to family Pedaliaceae, with great export earning potential. India is ranked first in sesame growing area and production (IOPEC, 2017) whereas the productivity values are very low (FAOSTAT, 2017) compared to the world average (world average 554 kg/ha; Indian average 417.2kg/ha). The Indian sub-continent is reported to be the centre of origin and domestication of cultivated sesame (Bedigian, 2004) with the progenitor species *S. malabaricum* occurring widely. Sesame yield reasonably well even under low moisture content and with very less management and hence is preferred by the poor and marginal farmers of India as a 'catch' crop. Uzun and Cagirgan (2006) identified cultivation of low yielding dehiscent varieties, significant yield loss during threshing, indeterminate growth, the uneven ripening of capsules and lack of improved varieties tolerant to biotic and abiotic stresses as the major factors limiting the sesame yield potential.

Objectives:

- To evaluate sesame accessions for pod shattering and related agronomic traits
- To identify SSR markers linked with shattering loss, seed vigour and associated traits in sesame
- To identify genomic regions associated with shattering-loss, high vigour and associated traits in sesame through GWAS

Results:

Germplasm collection

We have collected 400 germplasm lines representing released varieties, landraces, advance breeding lines, wild species and wild introgressed *S. indicum* lines. The germplasm has been multiplied and evaluated for agronomic traits and pod shattering. In addition, 10

जननद्रव्य का गुणनीकरण किया गया और सस्यविज्ञान गुणों और फली टूटन के लिए इनका मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा, भाकृअनुप – राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो द्वारा वन्य प्रजाति सीसेमम मलाबारिकम की दस प्राप्तियों का भी रखरखाव किया जा रहा है।

खेत परीक्षण

एक नए खेत परीक्षण में कुल 345 वंशक्रमों का रोपण दिनांक 14 नवम्बर, 2019 को 45 x 30 सेमी. का फासला रखते हुए दो मीटर चौड़ी पंक्तियों में किया गया। जननद्रव्य में शामिल थे : 216 रिकाम्बीनेन्ट अंतः प्रजात वंशक्रम, *एस. मलाबारिकम* x *एस. इण्डिकम* क्रास से उत्पन्न 20 प्रगत प्रजनन अंतर्गमित वंशक्रम तथा 70 कृष्ट अथवा खेती योग्य किस्में। कुल 250 वंशक्रमों के लिए अंकुरण पाया गया। पुष्पन में लगने वाला समय (दिन), 50 प्रतिशत पुष्पन में लगने वाला समय (दिन), कैप्सूल गठन में लगने वाला समय (दिन), शाखा प्रवृति, प्रथम कैप्सूल गठन का नोड प्रकटीकरण, प्रति नोड कैप्सूल की संख्या, पुष्पीय विशेषताओं, 100 बीजों का भार, बीज का रंग एवं टूटने में आसानी के लिए अंकुरित वंशक्रमों की फिनोटाइपिंग की गई। प्रयोगशाला परिस्थितियों के अंतर्गत दक्षिण भारत में किसानों द्वारा तैयार की गईं किस्मों, अप्रसंस्कृत किस्मों और खेती की गईं प्रगत किस्मों के एक वर्ष से अधिक आयु अवस्था वाले बीजों की ओजता एवं अंकुरण प्रतिशत की जांच की गई। अंकुरण प्रतिशत, अंकुरण की गति तथा ओजता सूचकांक के संबंध में जारी की गईं उच्च उपजशील किस्मों नामतः वाईएलएम–1 एवं गौरी के मुकाबले में कायाकुलम, केरल में किसान के खेत से संकलित किया गया वंशक्रम शीर्ष रैंकिंग वाला पाया गया। इसका विवरण नीचे तालिका 2 में प्रस्तुत किया गया है। केरल के अलापुझा जिले से संकलित एफवी–3 ओजता एवं संबंधित गुणों के लिए शीर्ष रैंकिंग वाला पाया गया।

accessions of wild species *Sesamum malabaricum* provided by ICAR-NBPGR are also being maintained.

Field trial

A new field trial comprising of 345 lines was planted on 14th November 2019 in 2m rows with spacing of 45X30 cm. The germplasm comprised of 216 recombinant inbred lines, 20 advanced breeding introgression lines from *S. malabaricum* x *S. Indicum* cross and 70 cultivated varieties. Germination was noticed for 250 lines. The germinated lines were phenotyped for days to flowering, days to 50% flowering, days to capsule formation, branching habit, the node of first capsule formation, number of capsules per node, flower characteristics, 100 seed weight, seed colour and ease of shattering. The vigour and germination percentage of more than one-year aged seeds of farmer's varieties, landraces and advanced varieties cultivated in South India was investigated under laboratory conditions. A line collected from farmer's field in Kayamkulam in Kerala was found to be top-ranking with respect to germination percentage, speed of germination and vigour index compared to high yielding released varieties; YLM-11 and Gauri. The details are given in table (T-2) below. FV-3 found top ranking for vigour and related traits was collected from Alappuzha district of Kerala.

तालिका 2 : दक्षिण भारत की लोकप्रिय कृष्ट किस्मों और चयनित किसानों द्वारा तैयार वंशक्रमों (FV) के बीच अंकुरण प्रतिशत, अंकुरण गति और ओजता सूचकांक की तुलना

Table 2 : Comparison of germination percentage, speed of germination and vigour index of among popular cultivated varieties of South India and selected Farmer's lines (FV).

जीनप्ररूप Genotype	पुनरावृति Replication	अंकुरण % Germination %	अंकुरण की गति Speed of Germination	ओजता सूचकांक II Vigour Index II
जीटी -4 GT-4	1	87	23.9	378.02
	2	86	23.4	376.25
कनकपुरा लोकल Kanakapura Local	1	76	21.4	328.32
	2	74	21.6	319.31
एफवी -3 FV-3	1	93	25.7	532.89
	2	96	26.4	512.16
जीटी -1 GT-1	1	98	26.4	472.36
	2	92	25.2	428.26
एफवी -4 FV-4	1	87	23.5	421.08
	2	84	22.6	403.2

एफवी -2 FV-2	1	96	25.2	384.48
	2	98	25	373.87
जीटी -3 GT-3	1	80	20.4	290.4
	2	76	19.2	267.14
एफवी -1 FV-1	1	89	22.1	485.94
	2	93	22.9	519.87
वाईएलएम -11 YLM-11	1	94	24.6	534.86
	2	92	25	481.62
वाईएलएम -17 YLM-17	1	76	16.2	450.3
	2	73	16.9	400.04
डीएसएस -9 DSS-9	1	72	18	427.68
	2	75	19.1	353.25
गौरी Gauri	1	94	26.2	505.72
	2	93	26.5	483.135
जीटी -10 GT-10	1	72	15.4	303.12
	2	74	15.8	320.42

तुलनात्मक जीनोमिक्स

सबसे बड़ी रूपांतरण विकासपरक प्रक्रिया से पौधों को उगाना प्रारंभ हुआ जिसके परिणामस्वरूप लगभग 10,000 वर्ष पहले वन्य पौधों का फसलीय पौधों में रूपांतरण हुआ। इस प्रक्रिया के दौरान, कृत्रिम चयन के माध्यम से बीज टूटन सहित गुणों के एक सेट को लक्षित किया गया। बीज में टूटन से होने वाले नुकसान को कृषि प्रणाली के इतिहास में एक प्रमुख घटना माना गया है क्योंकि वन्य संजातों में टूटन में आसानी के परिणामस्वरूप पौधा उपज में गंभीर कमी आई। अनेक प्रजातियों में स्वतंत्र रूप से चयन करने के कारण बीज टूटन देखने को मिला जिससे समान कार्यपरक बदलाव को बल मिला। चावल, मक्का, फलीदार फसलों, ब्रैसिका , सोयाबीन और अरेबिडॉप्सिस जैसी फसलों में प्राकृतिक चयन के तहत आनुवंशिक कियाविधि द्वारा बीज टूटन और इसके होने वाले प्राकृतिक नुकसान की गहराई से जांच की गई है। यह पाया गया कि बीज में टूटन अथवा बिखराव को प्रमुख जीनों के साथ साथ मात्रात्मक जीनों और अनेक आशाजनक पॉजीशनल एवं कार्यपरक अभ्यर्थी जीनों द्वारा नियंत्रित किया जाता है जिनकी पहचान विभिन्न प्रजातियों में की गई थी।

दस्तावेजी टूटन अथवा बिखराव के लिए उत्तरदायी जीनों के ऑर्थोलॉग्स की पहचान करने के लिए तुलनात्मक जीनोम विश्लेषण किया गया। झोंगजी–13 (चीन से RefSeq किस्म), भारत से श्वेता तथा चीन की अप्रसंस्कृत अथवा लैण्डरेसिस बैझिमा एवं मिशोयुझिमा सहित तिल के कुल चार अनुक्रम जीनोम का उपयोग विश्लेषण हेतु किया गया। जीनों यथा FRUITFUL, SHAT1, Shattering4, ADPG2 एवं shatterproof-1 का मानचित्रण क्रमशः तिल गुणसूत्र 8, 9, 3, 5 एवं स्काफोल्ड 00388 में किया गया। गुणसूत्र 5 में QTL

Comparative Genomics

The biggest transformative evolutionary process the plant domestication resulted in the conversion of wild plants into crop plants happened around 10,000 years ago. During the process, a set of traits including seed shattering was targeted through artificial selection. The loss of seed shattering is considered as an important event in the history of domestication because the easy to shatter traits in wild relatives resulted in a severe reduction of plant yield. Seed shattering underwent selection independently in several species, leading to the same functional changes. The genetic mechanism underlying seed shattering and its eventual loss under natural selection have been deeply investigated in crops like rice, maize, legumes, Brassica, soybean and Arabidopsis. It was found out that seed shattering is controlled by major genes as well as quantitative genes and several promising positional and functional candidate genes had been identified in different species.

Comparative genome analysis was done for identification of orthologues of documented shattering genes. The four sequences genomes of sesame including Zhongzhi-13 (the RefSeq variety from China), Swetha from India and the Chinese landraces Baizhima and Mishouzhima were used for analysis. The genes FRUITFUL, SHAT1, Shattering4, ADPG2 and shatterproof-1 were mapped to sesame chromosomes 8,9,3,5 and scaffold00388

'qSH1' के समजात में चावल में 91 प्रतिशत समानता प्रदर्शित हुई जबकि एसएच 5 (BEL-1 टाइप होमबॉक्स जीन) गुणसूत्र 11 में मौजूद था। सोयाबीन से Glyma09g06290 को गुणसूत्र 2 में मौजूद पाया गया। Shatterproof-2, INDEHISCENT तथा ALCATRAZ अनुपस्थित थे। गुणसूत्र 6 एवं 2 में एनएसटी 3 (एनएसी टाइप ट्रांसक्रिप्शन कारक) की दो प्रतियां उपस्थित थीं। एसएच–1 (YABBY ट्रांसक्रिप्शन कारक) के समजात की पहचान की गई और चावल, टमाटर एवं अरेबिडॉप्सिस में अन्य पाए गए जीनों से तिल लोकाई की आनुवंशिक भिन्नता का अध्ययन किया गया। तिल के एसएच–1 जीन में चावल ऑर्थोलॉग में उच्च अनुक्रम समानता प्रदर्शित हुई (चित्र 11)।

respectively. The homologue of QTL 'qSH1' in chromosome 5 showed 91% similarity to rice, while SH5 (the BEL-1 type homeobox gene) was present in chromosome 11. Glyma09g06290 from soybean was found to be present in chromosome 2. Shatterproof-2, INDEHISCENT and ALCATRAZ were absent. Two copies of NST3 (NAC type transcription factor) were present in chromosomes 6 and 2. The homologue of SH-1 (YABBY transcription factor) was identified and the genetic divergence of sesame loci from other reported genes in rice, tomato and Arabidopsis was studied. The SH-1 gene of sesame showed high sequence similarity to rice orthologue (Fig. 11).



चित्र 11 : चावल, तिल, *अरेबिडॉप्सिस* एवं टमाटर में बीज टूटन को नियंत्रित करने वाले जीन (sh1), एक YABBY ट्रांसक्रिप्शन कारक की अनुक्रम भिन्नता

Fig. 11 : The sequence divergence of seed shattering controlling gene (*sh1*), a YABBY transcription factor in rice, sesame, *Arabidopsis* and tomato.

निष्कर्ष

स्थानीय अप्रसंस्कृत किस्मों अथवा लैंडरेसिस, प्रगत किस्मों, किसानों द्वारा तैयार किए गए वंशक्रमों, एस. मलाबारिकम अंन्तर्गमित वंशक्रमों, रिकाम्बीनेन्ट अंतः प्रजात वंशक्रमों (RILs) तथा विदेशी संकलनों को शामिल करते हुए तिल जननद्रव्य का संकलन किया गया और 'विलम्बित टूटन' गुण के लिए इनकी छंटाई की गई। प्रयोगशाला परिस्थितियों के तहत जारी की गईं लोकप्रिय किस्मों और किसानों द्वारा तैयार किए गए वंशक्रमों में ओजता एवं संबंधित गुणों का अध्ययन किया गया। तुलनात्मक जीनोम विश्लेषण का उपयोग तिल में टूटन आर्थोलॉग्स की पहचान हेतु किया गया।

Conclusion:

Sesame germplasm comprising of local landraces, advanced cultivars, farmer's lines, *S. malabaricum* introgressed lines, Recombinant Inbred Lines (RILs) and exotic accessions were collected and screened for the trait 'delayed shattering'. Vigour and related traits were studied in popular released varieties and farmer's lines under lab conditions. Comparative genome analysis was utilized for identification of shattering orthologues in sesame.

1.1.4 स्वीट कॉर्न में बीज अंकुरण से जुड़े जीन के लिए क्यूटीएल मानचित्रण

परिचय :

विश्वभर में स्वीट कॉर्न एक प्रमुख सब्जी फसल है जो कि भारत के शहरी क्षेत्रों में दिन प्रति दिन लोकप्रियता हासिल कर रही है। लेकिन कम बीज अंकुरण, खराब पौध ओज और कम पौधा

1.1.4 QTL Mapping for seed germination in sweet corn

Introduction:

Sweet corn, an important vegetable crop worldwide, is also gaining popularity day by day in urban areas of India. But its widespread use has been limited due to low seed germination, poor seedling vigor and poor

जमाव के कारण अधिकांश स्वीट कॉर्न संकरों / किस्मों के साथ कम उपज जुड़ी हुई है, जिसके कारण सीमित रूप में इसका उपयोग किया जाता है। छोटे भ्रूण एवं भ्रूणपोश में, उच्च शर्करा एवं कम स्टार्च, फलभित्ति की मोटाई एवं संरचना स्वीट कॉर्न संकरों की खराब बीज गुणवत्ता के कारण।

उद्देय :

- बीज अंकुरण को नियंत्रित करने वाले क्यूटीएल का मानचित्रण करना

उपलब्धियां :

भण्डारण के तीन माह एवं छः माह उपरान्त प्रयोगशाला परिस्थिति के तहत बीज अंकुरण प्रतिशत के लिए स्वीट कॉर्न के कुल 33 अंतः प्रजात वंशक्रमों की जांच की गई जिसमें पता चला कि बीज अंकुरण प्रतिशत सबसे कम WNCDMRSCY 18R716 (भण्डारण के 3 एवं 6 माह उपरान्त क्रमशः 21.5 व 11. 5 प्रतिशत) के लिए था जबकि दोनों भण्डारण अवधियों के लिए WNCDMRSCY18R715 (96 प्रतिशत) एवं SC Female #506 (95 %) अंतः प्रजात वंशक्रम के लिए सबसे अधिक था। परिणामों से पता चला कि आनुवंशिकीय रूप से नियंत्रण की बजाय भण्डारण अवधि द्वारा बीज अंकुरण को प्रभावित नहीं किया जा रहा है।

1.1.5 बीज भण्डारण कवक *ऐस्परजिलस* प्रजाति के विरूद्ध मक्का में एफ्लाटॉक्सिन संचयन की प्रतिरोधिता के लिए सम्बद्धता मानचित्रण

परिचय :

भारतीय बीज उद्योग के कुल आकार में मक्का फसल का योगदान लगभग 11 प्रतिशत है। अर्ध इष्टतम तथा अनुचित भण्डारण परिस्थितियों के कारण कुल मक्का उत्पादन का लगभग 5 से 7 प्रतिशत नुकसान हो जाता है। गैर स्वास्थ्यकर भण्डारण परिस्थितियों में मक्का बीज से लेकर विभिन्न भण्डारण वाले कवक में *ऐस्परजिलस* सर्वाधिक प्रचलित है। संक्रमण और एफ्लाटॉक्सिन के अनुवर्ती उत्पादन की रोकथाम करने का सबसे अधिक किफायती और सफल मार्ग *ऐस्परजिलस* संक्रमण के लिए आनुवंशिक प्रतिरोधिता है।

उद्देश्य

- बीज अंकुरण तथा बीज गुणवत्ता पर *ऐस्परजिलस* प्रजाति के प्रभाव का अध्ययन करना
- बीज संक्रमण तथा / अथवा एफ्लाटॉक्सिन संचयन की प्रतिरोधिता को प्रदर्शित करने वाले मक्का वंशक्रमों की पहचान करना
- जांचे गए मक्का वंशक्रमों का आणविक लक्षणवर्णन
- एफ्लाटॉक्सिन प्रतिरोधिता के साथ सम्बद्ध आणविक मार्करों की पहचान करना

उपलब्धियां :

लगभग तीन सौ मक्का अंतः प्रजात वंशक्रमों को भाकृअनुप – भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना से खरीदा गया । खरीदे गए अंतः प्रजात वंशक्रमों का रखरखाव एवं गुणनीकरण

stand establishment causing low yield associated with most of sweet corn hybrids/varieties. Poor seed quality of sweet corn hybrids is attributed to small embryo and endosperm, high sugar and low starch in endosperm, pericarp thickness and structure.

Objectives:

- To map QTL governing seed germination

Achievements:

Thirty three sweet corn inbred lines investigated for seed germination percentage under laboratory condition after a storage period of three and six months revealed seed germination percentage to be lowest for WNCDMRSCY18R716 (21.5 % and 11.5 % after 3 and 6 months storage, respectively) and highest for WNCDMRSCY18R715 (96 %) and SC Female #506 (95 %) inbred lines for both the storage periods. The results indicated seed germination is not being influenced by storage period rather genetically controlled.

1.1.5 Association mapping for resistance to aflatoxin accumulation in maize against seed storage fungus *Aspergillus* sp

Introduction:

Maize contributes approximately 11% to total size of Indian seed industry. About 5-7% of total maize production is lost due to sub- optimal and improper storage conditions. Unhygienic storage conditions predispose maize seeds to various storage fungi among which *Aspergillus* is the most prevalent. Genetic resistance for Aspergillus infection is the most economical and successful way of controlling infection and subsequent production of aflatoxin.

Objectives:

- To study effect of *Aspergillus* sp. on seed germination and seed quality
- Identification of maize lines exhibiting resistance to seed infection and/or aflatoxin accumulation
- Molecular characterization of investigated maize lines
- Identification of molecular makers associated with aflatoxin resistance

Achievements:

Approximately three hundred maize inbred lines have been procured from ICAR-Indian Institute of Maize Research, Ludhiana. Maintenance and multiplication

का कार्य खेत में किया जा रहा है। पुनः भाकृअनुप – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली से पांच अंतः प्रजात वंशक्रमों की खरीद की गई।

1.2 बीज उत्पादन एवं प्रमाणन

1.2.1 धान (*ओरायजा सैटाइवा* एल.) में बीज ओज के लिए क्यूटीएल मानचित्रण

परिचय :

अच्छी फसल स्थापना, खरपतवारों के साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने और अंततः अनुवर्ती फसल बढ़वार की सफलता के लिए बीज ओज एक प्रमुख कारक होता है। धान की फसल में प्रारंभिक बीज ओज के साथ सम्बद्ध अंकुरण दर एवं अनुवर्ती पौध बढ़वार जैसे अनेक मात्रात्मक गुणों का निर्धारण आमतौर पर जीनप्ररूप द्वारा किया जाता है और इसमें वातावरण द्वारा संशोधन किया जाता है। अतः एक बार आणविक मार्करों द्वारा मानचित्रण करने पर उच्च उपजशील किस्मों की आनुवंशिक पृष्ठभूमि में बीज ओजता को शामिल किया जा सकता है। इस दिशा में प्रतिकूल पैतृक जीपी–74 के साथ उच्च बीज ओज वाले पैतृकों आईआर 36 एवं आईआर 64 के बीच क्रास कराकर दो आरआईएल पॉपुलेशन अथवा संख्या विकसित की गई हैं।

उद्देश्य :

- एसएसआर मार्करों की मदद से मानचित्रण पॉपुलेशन अथवा संख्या की जीनोटाइपिंग
- बीज ओजता गुणों के लिए क्यूटीएल का मानचित्रण

परिणाम :

आरआईएल पॉपुलेशन अथवा संख्या का लक्षण वर्णन विभिन्न आकृति विज्ञान लक्षणों यथा पौधा ऊंचाई, दोजियों की संख्या, ऊपरी इंटरनोड, डंठल की लंबाई, फ्लैग पत्ती लंबाई, फ्लैग पत्ती चौडाई, 50 प्रतिशत पुष्पन में लगने वाला समय (दिन) एवं उपज के लिए किया गया। विभिन्न बीज ओजता गुणों के लिए भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ में उगाई गई आरआईएल पॉपुलेशन आईआर 36 x जीपी 74 के लक्षणवर्णन करने का कार्य प्रगति पर है। आरआईएल पापुलेशन अथवा संख्या आईआर 36 x जीपी 74 के परिवर्त के पूल्ड विश्लेषण पर किए गए अध्ययन में सभी बीज ओजता गुणों के लिए अत्यधिक उल्लेखनीय भिन्नता प्रदर्शित हुई। केवल पौध लंबाई को छोड़कर अन्य सभी गुणों के लिए पैतृक आईआर 36 में संतुलित रूप से कहीं उच्चतर माध्य है। प्रथम गणना संबंधी गुण के लिए यह अन्य पैतृक जीपी 74 की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर है। पौध लंबाई और बीज ओजता सूचकांक–1 जैसे गुणों में क्रमशः 19.55 – 43.45 एवं 1447.12 – 4268.95 की सीमा के साथ उच्चतर पैतृक की तुलना में उच्चतर पॉपुलेशन माध्य प्रदर्शित हुआ जबकि प्रथम गणना, अंकुरण प्रतिशत, पौध शुष्क भार और एसवीआई–2 के लिए माध्य पैतृकों की सीमा के भीतर था। पॉपुलेशन अथवा संख्या के एसवीआई–1 में सबसे अधिक विचरण एवं तदुपरान्त

of procured inbred lines is being carried out in the field. Further five inbreds lines have been procured from ICAR- Indian Agricultural Research Institute, New Delhi.

1.2 Seed Production & Certification

1.2.1 QTL mapping for seed vigour in rice (*Oryza sativa* L.)

Introduction:

Seed vigour is a key factor for good crop establishment, increasing weed competitiveness and in turn success of subsequent crop growth. Several quantitative traits such as germination rate and subsequent seedling growth are associated with early seed vigour in rice and performance is generally determined by genotype and modified by the environment. Hence, seed vigour can be incorporated in the genetic background of high yielding varieties once it is mapped by molecular markers. In this direction a two RIL populations has been developed by crossing high seed vigour parents IR36 and IR64 with contrasting parent GP-74.

Objectives:

- Genotyping of mapping population with the help of SSR marker
- Mapping of the QTLs for Seed Vigour traits

Results:

The RIL populations were characterized for different morphological characters *viz*., plant height, number of tillers, upper internode, peduncle length, flag leaf length, flag leaf width, days to 50% flowering and yield. Characterization of the RIL population IR36 × GP74 grown at ICAR-IISS Mau is in progress for different seed vigour characters. Study on pooled analysis of variance of the RIL population IR36 × GP74 showed highly significant variation for all the seed vigour characters. The Parent IR36 has moderately higher mean for all the characters, except for seedling length. For the character first count, it is significantly superior to another parent GP74. The characters seedling length and seed vigour index 1 showed higher population mean than the higher parent with a range of 19.55-43.45 and 1447.12-4268.95 respectively while the means for first count, germination per cent, seedling dry weight and SVI-2 was within the range of parents. SVI-1 of the population showed highest variance followed by SVI-

एसवीआई–2 में प्रदर्शित हुआ जबकि पौध शुष्क भार में सबसे कम विचलन पाया गया। स्कीवनेस एवं कुर्टोसिस नकारात्मक था और सभी गुणों के लिए वितरण उच्चतर मान की दिशा में स्कीव्ड था।

पैतृकों आईआर 36, आईआर 64 तथा जीपी 74 के बीच बहुरूपिता सर्वे किया गया। बहुरूपिता के लिए आरएम सीरीज, HvSSR तथा चावल जीनोम के अन्य कार्यशील मार्कर सहित कुल 600 एसएसआर प्राइमरों का उपयोग किया गया। इनमें से कुल 130 मार्कर बहुरूपीय पाए गए (चित्र 12)। बहुरूपीय मार्करों का उपयोग आरआईएल पापुलेशन आईआर 36 x जीपी 74 की जीनोटाइपिंग के लिए किया गया (चित्र 13)।

2 and lowest variance was found in seedling dry weight. Skewness and kurtosis was negative and distribution was skewed towards higher value for all the characters.

Polymorphism survey has been carried out between parents IR36, IR64 and GP74. Total 600 SSR primers which include RM series, HvSSR and other functional markers of rice genome were used for polymorphism. Out of that 130 markers were found polymorphic (Fig. 12). Polymorphic markers were used for genotyping of the RIL population IR36 × GP74 (Fig. 13).



L- Ladder; 1 – IR36; 2 – IR64; 3 – GP74;

चित्र 12 : पैतृकों आईआर 36, आईआर 64 एवं जीपी 74 के बीच बहुरूपीय प्रतिनिधि मार्कर

Fig. 12: Representative markers polymorphic between parents IR36, IR64 and GP74



(P1- IR36; P2– GP74; 1 to 22 are RILs of the population IR36 × GP74)

चित्र 13 : एसएसआर प्राइमर *rm3148* द्वारा आरआईएल पापुलेशन आईआर 36 x जीपी 74 की जीनोटाइपिंग

Fig. 13: Genotyping of the RIL population IR36 × GP74 by SSR primer *rm3148*.

1.2.2 पादप बढ़वार नियंत्रकों का बहिर्जात प्रयोग करके अरण्डी में संकरण प्रभावशीलता में सुधार करना

अरण्डी संकरों नामतः जीसीएच 5, जीसीएच 6 तथा जीसीएच 7, जीसीएच 8, जीसीएच 9 एवं वाईआरसीएच 1 के साथ साथ इनके संबंधित पैतृक वंशक्रमों के डीएनए को सात दिन पुरानी अरण्डी पौध से अलग किया गया। वर्ष 2019–20 के दौरान आनुवंशिक परिशुद्धता जांच के लिए संदर्भित संकरों की छंटाई करने के लिए कुल मिलाकर 36 एसएसआर मार्कर्स/प्राइमरों की डिजाइन तैयार की गई।

1.2.2 Improving hybridization efficiency in castor through exogenous application of Plant Growth Regulators

DNA of castor hybrids GCH-5, GCH-6 and GCH-7, GCH-8, GCH-9 and YRCH-1 along with its respective parental lines was isolated from 7 days old castor seedling. In toto, 36 SSR markers/ primers are designed for screening of referred hybrids for genetic purity testing during 2019-20.

1.2.3 जलीय पॉलीमर्स : मक्का के संकर बीज उत्पादन में अंकुरण एवं स्मार्ट सुपुर्दगी प्रणाली के लिए एक नियामक स्विच

जैव अपघटनीय पॉलीमर प्रणाली का उपयोग करके नैनो रेशा संश्लेषण किया गया। सूक्ष्म रेशा (नैनो फाइबर) की इलैक्ट्रो स्पिनिंग के लिए सेलुलोज एसिटेट पॉलीमर प्रणाली के मानकीकरण का काम पूरा किया गया। पॉलीमर प्रणाली में एनालाइट संचार के संबंध में, इथिल सेलुलोज पॉलीमर प्रणाली के माध्यम से GA_3 के अनुप्रयोग तक उपयुक्त प्रगति की गई।

1.2.3 Hydropolymers: As Regulatory Switch for Germination and Smart Delivery System in Hybrid Seed Production of Maize

Nano-fibre synthesis with the use of biodegradable polymer system was carried out and standardization of cellulose acetate polymer system for electro spinning of nano-fibres was completed.

With respect to infusion of analyte in polymer system, application of GA_3 through Ethyl cellulose polymer system was achieved.

इथिल सेलुलोज पॉलीमर प्रणाली का उपयोग करके इलेक्ट्रो स्पिनिंग
Electro-spraying by using Ethyl Cellulose Polymer system



चित्र 14 : सूक्ष्म कैप्सूल्स (GA_3 से संचरित इथिल सेलुलोज पॉलीमर प्रणाली) के साथ बीज लेपन (मक्का वीक्यूएल 1 पर)
Fig. 14: Seed coating (on Maize VQL 1) with microcapsules (GA_3 infused ethyl cellulose polymer system)

उपरोक्त अध्ययन की सहायता से अधिकतम उत्पादकता के लिए एलालाइट्स के प्रेसीजन प्रयोग की दिशा में उच्च थ्रूपुट तकनीक का विकास करने में एनालाइट को लंबे समय तक जारी करने हेतु नैनो मैट्रिक्स (पॉलीमर प्रणाली) की डिजाइन तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

1.2.4 धान, सोयाबीन तथा चना में गुणवत्ता संवर्धन के लिए नैनो पार्टिकुलेट बीज शक्तिवर्धन

उद्देश्य :

- धातु ऑक्साइड नैनो पार्टिकल्स का संश्लेषण करना एवं लक्षणवर्णन करना
- ताजा एवं भण्डारित बीज समूहों में नैनो पार्टिकुलेट बीज शक्तिवर्धन के प्रभाव का मूल्यांकन करना
- बीज के सूक्ष्म जीव–जंतु एवं भण्डारण कीट नाशीजीवों के विरूद्ध नैनो पार्टिकल्स की प्रभावशीलता का लक्षणवर्णन करना

Referred study will pave way for designing of nano-matrix (polymer system) for prolonged release of analyte (protectant / nutrient) in a bid to develop high throughput technology towards precision application of analytes for productivity maximization.

1.2.4 Nano particulate seed invigoration for quality enhancement in paddy, soybean & Chickpea

Objectives:

- To synthesize and characterize metal oxide nanoparticles
- To assess the effect of nano particulate seed invigoration in fresh and aged seed lots
- To characterize the efficacy of nanoparticles against seed microflora and storage insect pests

परिणाम :

कुल पांच धातु ऑक्साइड नैनो कणों यथा टिटेनियम डाइ–ऑक्साइड, जिंक ऑक्साइड, सिल्वर, कॉपर ऑक्साइड और जीरो वैलेन्ट आयरन का उपयोग करके नैनो पार्टिकल्स संश्लेषण का अध्ययन किया गया। सभी पांच नमूनों में, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और पार्टिकल आकार विश्लेषण से यह पर्याप्त रूप से पता चला कि संश्लेषित किए गए नैनो पार्टिकल्स नैनो स्केल पर हैं जिनका उपयोग बीज शक्तिवर्धन अध्ययन पर पुनः अन्वेषण करने में किया जा सकता है।

Results:

Nanoparticles synthesis has been studied using Titanium dioxide, Zinc oxide, Silver, Copper oxide and Zero-valent Iron. In all the 05 samples, Transmission Electron Microscopy (TEM) and Particle Size analysis substantiates that the nanoparticles synthesized are at nano scale and can be used for further exploration on seed invigoration studies.



चित्र 15 : सिल्वर (Ag) नैनो पार्टिकल्स का TEM चित्र; पार्टिकल आकार विश्लेषक के साथ सिल्वर नैनो पार्टिकल्स का लक्षणवर्णन

Fig. 15: TEM image of Ag nano particles; Characterization of Ag nano-particles with particle size analyzer



चित्र 16 : ZnO नैनो पार्टिकल्स का TEM चित्र; पार्टिकल आकार विश्लेषक के साथ ZnO नैनो पार्टिकल्स का लक्षणवर्णन

Fig. 16: TEM image of ZnO nano particles; Characterization of ZnO nano-particles with particle size analyzer



चित्र 17 : TiO_2 नैनो पार्टिकल्स का TEM चित्र; पार्टिकल आकार विश्लेषक के साथ TiO_2 नैनो पार्टिकल्स का लक्षणवर्णन

Fig. 17: TEM image of TiO_2 nano particles; Characterization of TiO_2 nano-particles with particle size analyzer



चित्र 18 : ZVI नैनो पार्टिकल्स का TEM चित्र; पार्टिकल आकार विश्लेषक के साथ ZVI नैनो पार्टिकल्स का लक्षणवर्णन

Fig. 18: TEM image of ZVI nano particles; Characterization of ZVI nano-particles with particle size analyzer



चित्र 19 : CuO नैनो पार्टिकल्स का TEM चित्र; पार्टिकल आकार विश्लेषक के साथ CuO नैनो पार्टिकल्स का लक्षणवर्णन

Fig. 19: TEM image of CuO nano particles; Characterization of CuO nano-particles with particle size analyzer

1.2.5 औषधीय एवं सुगंधित फसलों के लिए बीज परीक्षण प्रोटोकॉल का मानकीकरण

परिचय :

अंतर्राष्ट्रीय बीज परीक्षण एसोसिएशन (ISTA) द्वारा बीज परीक्षण के लिए प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय नियमावली में अधिकांश प्रजातियों के लिए बीज परीक्षण प्रोटोकॉल उपलब्ध हैं। हालांकि, कुछ औषधीय एवं सुगंधित पौधों के लिए बीज परीक्षण प्रोटोकॉल का आईएसटीए नियमावली में शामिल करने के प्रयोजन हेतु और साथ ही औषधीय एवं सुगंधित पौधों के बीजों से संबंधित कानून को लागू करने के लिए विभिन्न राज्य बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं द्वारा अंकुरण क्षमता का निर्धारण करने के लिए अभी मानकीकरण किया जाना है। इस प्रयास में फसलों यथा प्राइमरोज, एनाइज तथा दवाना में बीज परीक्षण प्रोटोकॉल का निरूपण करने हेतु संदर्भित परियोजना की शुरूआत की गई थी।

उद्देश्य :

- चयनित औषधीय फसलों के लिए बीज परीक्षण प्रोटोकॉल का मानकीकरण करना जिससे देश अथवा विश्व में इन फसलों के बीज परीक्षणों में एकसमान नियमावली तैयार करने में मदद मिलेगी।

1.2.5 Standardization of Seed Testing Protocols for Medicinal and Aromatic Crops

Introduction:

Seed testing protocols for majority of species are available in International Rules for Seed Testing published by International Seed Testing Association (ISTA). However, seed testing protocols for some of the medicinal and aromatic plants are yet to be standardized for incorporation in the ISTA rules and also for the determination of germination capacity by various state seed testing laboratories for implementing the legislation pertaining to seeds of medicinal and aromatic plants. In this endeavour, in a bid to formulate seed testing protocols in crops *viz*. Primrose, Anise & Davana referred project was instituted.

Objectives:

- To standardize seed testing protocols for selected medicinal crops which will enable uniform rules in seed testing of these crops throughout the country/world

परिणाम :

अंकुरण, औसत अंकुरण समय और अधिकतम अंकुरण में लगने वाले समय (दिन) के लिए अध्ययन किए गए तापमानों के बीच तापमान 25° सेल्सियस से कम एवं तदुपरान्त 20↔30°C था जबकि सभी तीनों फसलों यथा प्राइमरोज, एनाइज और दवाना में 20° सेल्सियस तापमान पर अंकुरण सबसे धीमा था। हासिल किए गए परिणामों की पुष्टि अध्ययन के तहत सभी फसलों में बीज समूहों की कहीं अधिक संख्या के साथ की जानी चाहिए। अध्ययन में बीजों की पुनः उपयोगिता के प्रयोजन हेतु एनाइज, प्राइमरोज तथा *सोलेनम खासियेनम* के बीज गुणनीकरण का कार्य चार विभिन्न स्थानों यथा भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ और इसके क्षेत्रीय स्टेशन, बेंगलुरू; एमपीकेवी, राहुरी तथा तमिल नाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर में किया गया ।

1.2.6 चावल एवं चने में बीजजनित रोग प्रबंधन एवं बीज गुणवत्ता संवर्धन हेतु जैव प्राइमिंग

उद्देश्य :

- जैव प्राइमिंग एजेन्टों के रूप में नवीन/मौजूदा सूक्ष्मजीव स्ट्रेन का पृथक्करण एवं गुण लक्षणवर्णन
- जैव प्राइमिंग एजेन्टों द्वारा चावल एवं चने के बीजजनित रोग प्रबंधन एवं बीज गुणवत्ता संवर्धन क्षमता का मूल्यांकन करना
- उपयुक्त निरूपण, गुणवत्ता नियंत्रण माड्यूल्स तथा जैव प्राइमिंग एजेन्टों की सुपुर्दगी प्रणाली का मानकीकरण

परिणाम :

जैव प्राइमिंग एजेन्टों के रूप में नवीन/मौजूदा सूक्ष्मजीव स्ट्रेन का पृथक्करण एवं गुण लक्षणवर्णन

ऐसे जीवाणु जो कि पौधों की जड़ों में कॉलोनी बना लेते हैं और पौधों की बढ़वार को प्रोत्साहित करते हैं, इन्हें पादप बढ़वार को प्रोत्साहित करने वाले राइजोबैक्टीरिया (पीजीपीआर) के रूप में जाना जाता है। भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ के खेतों से संकलित की गई स्वस्थ चावल एवं चने की राइजोस्फेयर अथवा मूल परिवेशी मृदा से कुछ फसल लाभकारी जीवाण्विक स्ट्रेन को अलग किया गया, उनका शुद्धीकरण किया गया और आकृतिविज्ञान की दृष्टि से लक्षणवर्णन किया गया। अलग किए गए सूक्ष्मजीवों की जांच पादप बढ़वार को बढ़ावा देने वाले राइजोबैक्टीरिया की गतिविधियों यथा आईएए उत्पादन, सिडेरोफोर उत्पादन, फॉस्फेट घुलनशीलता गतिविधि आदि के लिए की गई।

Results:

Among the temperatures studied for germination, mean germination time and days taken for maximum germination were less at 25°C followed by 20↔30°C and germination was slowest at 20°C in all the three crops viz., Primrose, Anise and Davana. The obtained results have to be validated with more number of seed lots in all the crops under study. Seed multiplication of Anise, Primrose and *Solanum khasianum* were taken up at four different locations *viz.,* ICAR-IISS, Mau and its Regional Station, Bengaluru; MPKV, Rahuri and TNAU, Coimbatore for further utilization of seeds in the study.

1.2.6 Bio-priming for seed borne disease management and seed quality enhancement of rice and chickpea

Objectives:

- Isolation and trait characterization of new/existing microbial strains as biopriming agents
- To evaluate the seed borne disease management and seed quality enhancement potential of rice and chickpea by the biopriming agents
- Standardization of suitable formulation, quality control modules and delivery system of the biopriming agents

Results:

Isolation and trait characterization of new/existing microbial strains as biopriming agents:

Bacteria that colonize plant roots and promote plant growth are referred to as Plant Growth-Promoting Rhizobacteria (PGPR). Several crop beneficial bacterial strains were isolated, purified and morphologically characterized from healthy rice and chickpea rhizosphere soil collected from ICAR-IISS field. Isolated microbes were tested for plant growth promoting rhizobacteria activities like IAA production, Siderophore production, phosphate solubilization activity etc.



मैक्रोफोमिना फैजियोलिना के विरूद्ध *बैसिलस ऐरोफिलस*
Bacillus aerophilus against *Macrophomin aphaseolina*



राइजोक्टोनिआ सोलेनी के विरूद्ध *बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस*
Bacillus methylotropicus against *Rhizoctonia solani*

मैग्नापोर्थे ग्रिजी के विरूद्ध *बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस*
Bacillus methylotropicus against *Magnoperthae grisae*



फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम एफ. प्रजाति *साइसेरी* पर निरोधी प्रभाव
Antagonistic effect on *Fusarium oxysporum* f. sp. *ciceri*



यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स के विरूद्ध *ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटोलेरान्स*
Brevibacterium halotolerans against *Ustilaginoidea virens*

फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम एफ. प्रजाति *साइसेरी* पर निरोधी प्रभाव
Antagonistic effect on *Fusarium oxysporum* f. sp. *ciceri*

चित्र 20 : चावल एवं चने के विभिन्न कवकीय रोगजनकों पर जीवाण्विक पृथक्कों का निरोधी अथवा प्रतिकूल प्रभाव
Fig. 20: Antagonistic effect of bacterial isolates on different fungal pathogens of rice and chickpea

सूक्ष्मजीवों की निरोधी अथवा प्रतिकूल गतिविधि, जैव रासायनिक एवं आणविक लक्षणवर्णन

कुल 56 पृथक्कों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग के आधार पर, पादप वृद्धि को बढ़ावा देने वाले 15 क्षमताशील जैविक स्ट्रेन को चुना गया और चना तथा चावल में विभिन्न रोगों के लिए उत्तरदायी कवकीय रोगजनकों के विरूद्ध निरोधी सक्रियता का पता लगाने के लिए उनकी जांच की गई । चना फसल में जड़ सड़न के कारक *मैक्रोफोमिना फैजियोलिना* तथा *राइजोक्टोनिआ सोलेनी* ; चने में मुरझान अथवा म्लानि के कारक *फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम* एफ. प्रजाति *साइसेरी* ; चावल के फाल्स स्मट के लिए उत्तरदायी *यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स* ; चावल के प्रध्वंस रोग के लिए उत्तरदायी *मैग्नापोर्थे ग्रिजी* के विरूद्ध नौ ग्राम नकारात्मक जैविक पृथक्कों में निरोधी अथवा प्रतिकूल सक्रियता प्रदर्शित हुई। पुनः 16s rDNA पहचान के माध्यम से इन नौ क्षमताशील सूक्ष्मजीवों (एक *बैसिलस ऐरोफिलस*, चार *बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस*, तीन *ब्रेविबैक्टीरियम हैलोटोलेरान्स* तथा एक *प्रोलिनोबोरस फैस्कीकुलस*) की पहचान की गई और एनसीबीआई में इनका अनुक्रम प्रकाशित कराकर प्राप्ति संख्या केएम 459542 – केएम 459550 हासिल किया गया।

Antagonistic activity, biochemical and molecular characterization of microbes

Based on initial screening among 56 isolates, a total 15 potential plant growth promoting bacterial strains were selected and tested for antagonistic activity against fungal pathogens causing various diseases in chickpea and rice. Nine gram negative bacterial isolates were showing antagonistic activity against *Macrophomina phaseolina and Rhizoctonia solani* causing root rot of chickpea, *Fusarium oxysporum* f.sp. *ciceri* causing wilt of chickpea, *Ustilaginoidea virens* causing false smut of rice, *Magnoperthae grisae* causing blast of rice. Further, these 09 potential bacteria were identified through 16s rDNA identification (one *Bacillus aerophilus*, four *Bacillus methylotropicus*, three *Brevibacterium halotolerans* and one *Prolinoborus fasciculus*), and the sequence has been published to NCBI and got Accessions No. KM459542 – KM459550.

तालिका 3 : पहचाने गए जीवाण्विक पृथक्कों का विवरण
Table 3 : Details of identified bacterial isolates

पृथक्क किया गया संवर्धन Isolated culture	16s rRNA पहचान 16s rRNA identification	अनुक्रम समानता (%) Sequence similarity (%)	जीनबैंक प्राप्ति संख्या GenBank accession no.
आरआरबी–3 RRB-3	*बैसिलस ऐरोफिलस* *Bacillus aerophilus*	100	केएम459542 KM459542
आरआरबी–4 RRB-4	*बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस* *Bacillus methylotropicus*	100	केएम459543 KM459543
आरआरबी–6 RRB-6	*बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस* *B. methylotropicus*	100	केएम459544 KM459544
आरआरबी–7 RRB-7	*प्रोलिनोबोरस फैस्कीकुलस* *Prolinoborus fasciculus*	99.88	केएम459545 KM459545
आरआरबी–10 RRB-10	*बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस* *B. methylotropicus*	99.82	केएम459546 KM459546
आरआरबी–31 RRB-31	*ब्रेविबैक्टीरियम हैलोटोलेरान्स* *Brevibacterium halotolerans*	99.68	केएम459547 KM459547
आरआरबी–34 RRB-34	*बैसिलस मिथाइलोट्रॉपिकस* *B. methylotropicus*	100	केएम459548 KM459548
आरआरबी–38 RRB-38	*ब्रेविबैक्टीरियम हैलोटोलेरान्स* *B. halotolerans*	99.52	केएम459549 KM459549
सीआरबी–बी CRB-B	*ब्रेविबैक्टीरियम हैलोटोलेरान्स* *B. halotolerans*	100	केएम459550 KM459550



चित्र 21 : इनकी 16S rRNA अनुक्रम समजातीयता के आधार पर अलग किए गए जीवाण्विक संवर्धन के बीच नेबर जॉयनिंग वृक्ष द्वारा जातिवृतीय सम्बद्धता का प्रदर्शन

Fig. 21: Neighbour joining tree showing the phylogenetic relationship among isolated bacterial cultures based on their 16S rRNA sequences homology

चिन्हित पृथक्कों के साथ जैव प्राइमिंग एवं बीज गुणवत्ता पर इसका प्रभाव

पादप बढ़वार को बढ़ाने वाले जीवाणु के कुल नौ स्ट्रेन की पहचान की गई थी जिनका परीक्षण धान और चना फसल में बीजजनित रोगों की रोकथाम और बीज गुणवत्ता संवर्धन के लिए इनकी क्षमता का मूल्यांकन करने हेतु लगातार दो वर्ष तक खेत में परीक्षण किया गया। लक्षित बीजजनित रोगों में शामिल थे : चने का जड़ सड़न (*मैक्रोफोमिना फैजियोलिना* तथा *राइजोक्टोनिया सोलेनी*), चना का मुरझान अथवा म्लानि रोग (*फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम* एफ. प्रजाति *साइसेरी*) तथा चावल का फाल्स स्मट (*यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स*)। परीक्षण अथवा प्रयोग के फसलवार परिणामों को नीचे दिया गया है :

क. चावल :

उपचार संयोजनों में शामिल है : जलीय प्राइमिंग तथा जैव प्राइमिंग, *यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स* के विरूद्ध पौधा बढ़वार को प्रोत्साहित करने वाले पहचाने गए नौ क्षमताशील चावल राइजोस्फेयर जीवाणु के विभिन्न संयोजन के साथ मृदा उपचार और जड़ों को भिगोना। उपचारों को आजमाने से पहले टीकाकरण को स्थापित करने के लिए (*यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स* (लगभग 2 x 10^6 सीएफयू) के परिशुद्ध संवर्धन के साथ बीजों को उपचारित किया गया। दो वर्ष के परीक्षण परिणामों को नीचे दिया गया है।

खरीफ 2016 के दौरान, चावल की किस्म एचकेआर 126 में, *ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरेन्स* (RRB 31) से उपचारित समग्र बीज उपचार में बीज अंकुरण, ओज विशेषताओं और रोग प्रकोप के संबंध में कंट्रोल की तुलना में बेहतर परिणाम प्रदर्शित हुए। सभी उपचारों की तुलना में, जड़ों को भिगोने वाले उपचार के अंतर्गत अंकुरण, ओजता विशेषता, पौधा ऊंचाई और रोग प्रकोप के संबंध में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देखने को मिले। उपचार कंसोर्शिया (T_{21}) के साथ जड़ों को भिगोने वाले उपचार में सबसे कम रोग प्रकोप (6 प्रतिशत), उच्चतम प्ररोह लंबाई (15.06 सेमी), पौधा ऊंचाई (128.42 सेमी.) तथा फ्लैग पत्ती लंबाई / चौड़ाई (34.7 / 1.5 सेमी.) दर्ज की गई। जबकि कंट्रोल के अंतर्गत, सबसे कम प्ररोह लंबाई (11.22 सेमी.), जड़ लंबाई (21.58 सेमी.), अंकुरण (78.50 प्रतिशत) और रोग प्रकोप (15.0 प्रतिशत) दर्ज किया गया। इसी प्रकार, *ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स* (RRB 31) के साथ जड़ों को भिगोने (T_{20}) वाले उपचार में उच्चतम ओजता सूचकांक – 1 (3596), अंकुरण (85. 50 प्रतिशत) तथा बीज उपज (36.14 क्विंटल / हे.) दर्ज की गई। अन्य सभी उपचारों की तुलना में, *ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स* (RRB 31) के साथ जड़ों को भिगोने (T_{20}) वाले उपचार में तथा सूक्ष्मजीव कंसोर्शिया (नौ पृथक्क) वाले उपचार में चावल किस्म एचकेआर 126 में उपज में योगदान देने से जुड़े सभी बीज और पौध तथा रोग प्रबंधन के संबंध में बेहतर परिणाम प्रदर्शित हुए।

खरीफ 2017 के दौरान, चावल की किस्म एचकेआर 126 में,

Bio-Priming with identified isolates and its influence on seed quality:

The identified nine strains of plant growth promoting bacteria were tested in the field for two consecutive years for evaluating their ability for management of seed borne diseases and seed quality enhancement in crops viz. paddy and chickpea. The targeted seed borne diseases were root rot of chickpea (*Macrophomina phaseolina and Rhizoctonia solani*), wilt of chickpea (*Fusarium oxysporum* f.sp. *ciceri*) and false smut of rice (*Ustilaginoidea virens*). Crop-wise experimental findings are as follows:

A. Rice:

Treatment combination includes, hydropriming and biopriming, soil treatment & root dipping with various combinations of identified nine potential plant growth promoting rice rhizosphere bacteria against *Ustilaginoidea virens*. Before imposing treatments, the seeds were treated with pure cultures of *Ustilaginoidea virens* (approx. 2 X 10^6 CFU) for establishing the inoculum. The two years experimental results are given below.

During Kharif 2016, in rice variety HKR 126, overall seed treatment with *Brevibacterium halotolerans* (RRB-31) exhibited better results in comparison with control w.r.t seed germination, vigour attributes and disease incidence. In comparison to all the treatments, root dipping exhibited best results w.r.t. germination, vigour attributes, plant height and disease incidence. Least disease incidence (6%), highest shoot length (15.06 cm), plant height (128.42 cm) and flag leaf length/ width (34.7/1.5 cm) was observed in treatment root dipping with consortia (T21). While control exhibited least shoot length (11.22 cm), root length (21.58 cm), germination (78.50%) and disease incidence was upto 15.0%. Similarly, highest vigour index-I (3596), germination (85.50%) and seed yield (36.14 q/ha) was recorded in treatment (T20), root dipping with *Brevibacterium halotolerans* (RRB-31). In comparison with all other treatments, root dipping with *Brevibacterium halotolerans* (RRB-31) and microbial consortia (9 isolates) exhibited better results w.r.t. disease management and all seed and seedling related attributes contributing for yield in rice variety HKR 126.

During Kharif 2017, in rice variety HKR 126, seed treatment with *Brevibacterium halotolerans* (RRB-31) exhibited promising results in comparison with

ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स (RRB 31) के साथ उपचार में बीज अंकुरण, ओजता विशेषता, फ्लैग पत्ती लंबाई/चौड़ाई, पौधा ऊंचाई तथा रोग प्रकोप के संबंध में कंट्रोल की तुलना में आशाजनक परिणाम प्रदर्शित हुए। सभी उपचारों की तुलना में, जड़ों को भिगोने वाले उपचार के तहत बीज अंकुरण, ओजता विशेषता, पौधा ऊंचाई और रोग प्रकोप के संबंध में सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रदर्शित हुए। कंसोर्शिया के साथ जड़ों को भिगोने वाले उपचार (T_{21}) में सबसे कम रोग प्रकोप (8 प्रतिशत), अधिकतम प्ररोह लंबाई (14.24 सेमी.), ओजता सूचकांक – 1 (3135) तथा फ्लैग पत्ती लंबाई/चौड़ाई (32.6/1.5 सेमी.) दर्ज की गई। कंट्रोल में सबसे कम प्ररोह लंबाई (9.58 सेमी.), जड़ लंबाई (20.11 सेमी.) तथा ओजता सूचकांक – 1 (2476) दर्ज किया गया। इसी प्रकार, अधिकतम पौधा ऊंचाई (125.88 सेमी.) को *ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स* (RRB 31) के साथ बीज उपचार (T_5) में दर्ज किया गया। अन्य सभी उपचारों की तुलना में, *ब्रेवीबैक्टीरियम हैलोटॉलरान्स* (RRB 31) और सूक्ष्मजीव कंसोर्शिया (नौ पृथक्क) के साथ जड़ों को भिगोने वाले उपचार में चावल की किस्म एचकेआर 126 के संबंध में रोग प्रबंधन और उपज को बढ़ाने वाले सभी बीज एवं पौध से जुड़ी विशेषताओं के संबंध में बेहतर परिणाम प्रदर्शित हुए।

ख. चना :

पूर्वी उत्तर प्रदेश में विभिन्न फसलों के अंतर्गत कृषि क्षेत्रफल :

पूर्वी उत्तर प्रदेश में विभिन्न फसलों के अंतर्गत कृषि क्षेत्रफल का विवरण नीचे तालिका में प्रस्तुत किया गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सकल रकबे के लगभग 86 प्रतिशत क्षेत्रफल में शीर्ष पांच फसलों की खेती की जाती है। इसमें गेहूं का सबसे अधिक हिस्सा (43.47 प्रतिशत) है एवं तदुपरान्त धान (35.58 प्रतिशत), मक्का (2.81 प्रतिशत), मसूर (1.96 प्रतिशत) तथा अरहर (1.70 प्रतिशत) का हिस्सा है। शेष 14 प्रतिशत सकल कृषि रकबे में लगभग 25 फसलों की खेती की जाती है।

Area under different crops in Eastern Uttar Pradesh:

The details of area under different crops in Eastern Uttar Pradesh has been presented in the table given below. Top five crops occupied around 86 per cent of gross cropped area in Eastern Uttar Pradesh. Wheat occupied the highest share of 43.74 per cent followed by Paddy (35.58 per cent), Maize (2.81 per cent), Lentil (1.96 per cent) and Pigeon pea (1.70 per cent). The remaining fourteen per cent gross cropped area is occupied by around 25 crops.

तालिका 9 : पूर्वी उत्तर प्रदेश में विभिन्न फसलों के अंतर्गत कृषि क्षेत्रफल (2017–18)
Table 9 : Area under different crops in Eastern Uttar Pradesh (2017-18)

क्र.सं. Sl. No.	फसल Crops	कुल क्षेत्रफल (हे.) Total Area (ha)	सकल फसल क्षेत्रफल में हिस्सेदारी (%) Share in gross cropped area (%)
1.	गेहूं / Wheat	3954189	43.74
2.	धान / Paddy	3216435	35.58
3.	मक्का / Maize	253614	2.81
4.	मसूर / Lentil	177568	1.96
5.	अरहर / Pigeon pea	153563	1.70
6.	चना / Gram	110435	1.22
7.	तोरिया व सरसों / Rape seed & Mustard	108724	1.20
8.	बाजरा / Pearl millet	107906	1.20
9.	चारा / Fodder	88355	0.98
10.	मटर / Pea	67940	0.75
11.	उड़द / Urd	54483	0.60
12.	ज्वार / Jowar	46638	0.52
13.	जौ / Barley	34517	0.38
14.	तिल / Sesame	23905	0.26
15.	मूंग / Moong	17677	0.2
16.	अलसी / Linseed	10338	0.11
17.	मूंगफली / Groundnut	10431	0.12
18.	बर्नयार्न मिलेट / Barnyard millet	4534	0.05
19.	कोदो / Kodo	3005	0.03
20.	तम्बाकू / Tobacco	2209	0.02
21.	जूट अथवा पटसन / Jute	927	0.01
22.	अन्य फसलें / Other crops	432473	6.56
	कुल / Total	**8447896**	**100.00**

स्रोत : updes.up.in / Source: updes.up.in

पूर्वी उत्तर प्रदेश में भूमि उपयोग पैटर्न :

पूर्वी उत्तर प्रदेश के भूमि उपयोग पैटर्न को नीचे तालिका में प्रस्तुत किया गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुल रिपोर्टेड क्षेत्रफल 8.88 मिलियन हेक्टेयर है। कुल रिपोर्टेड क्षेत्रफल में वन्य क्षेत्र 8. 91 प्रतिशत है। कृषि बंजर भूमि 0.123 मिलियन हेक्टेयर है जो कि कुल रिपोर्टेड क्षेत्रफल का 1.40 प्रतिशत है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में परती भूमि का रकबा 0.66 मिलियन हेक्टेयर है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में निवल बुवाई क्षेत्रफल 5.72 मिलियन हेक्टेयर है और एक बार में बोया गया क्षेत्रफल 3.32 मिलियन हेक्टेयर है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सकल खेती क्षेत्रफल 9.04 मिलियन हेक्टेयर है और यहां फसलचक्र सघनता 157.99 है। इसी प्रकार पूर्वी उत्तर प्रदेश में निवल सिंचाई क्षेत्रफल 4.62 मिलियन हेक्टेयर है जो कि निवल बुवाई क्षेत्रफल का 80.75 प्रतिशत है। सकल सिंचित क्षेत्रफल 6.96 मिलियन हेक्टेयर है जो कि सकल खेती क्षेत्र का 77.05 प्रतिशत है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की सिंचाई सघनता 150.74 है।

Land use pattern of Eastern Uttar Pradesh:

Land use pattern of Eastern Uttar Pradesh has been provided in table given below. The total reported area is 8.88 m ha in Eastern Uttar Pradesh. The forest cover is 8.91 per cent of total reported area. The agricultural waste land is 0.123 m ha which is 1.40 per cent of total reported area. Fallow land in the Eastern Uttar Pradesh is 0.66 m ha. Net sown area in Eastern Uttar Pradesh is 5.72 m ha and area sown more than once is 3.32 m ha. Gross cropped area in Eastern Uttar Pradesh is 9.04 m ha and the cropping intensity is 157.99. Net irrigated area in Eastern Uttar Pradesh is 4.62 m ha which is 80.75 per cent of net sown area. Gross irrigated area is 6.96 m ha which is 77.05 percent of gross cropped area. Irrigation intensity of the Eastern Uttar Pradesh is 150.74.

तालिका 10 : पूर्वी उत्तर प्रदेश में भूमि उपयोग पैटर्न (2015–16)
Table 10 : Land use pattern of Eastern Uttar Pradesh (2015-16)

क्र.सं. Sl.	विवरण Particulars	क्षेत्रफल (हे.) Area (ha.)
1.	रिपोर्टेड क्षेत्रफल / Reported Area	8879866
2.	वन क्षेत्रफल / Forest Area	791588
3.	कृषि बंजर भूमि / Agricultural waste land	123926
4.	परती भूमि / Fallow land	667594
5.	निवल बुवाई क्षेत्रफल / Net sown area	5722064
6.	क्षेत्रफल से अधिक बुवाई क्षेत्र / Area sown more than area	3318233
7.	सकल फसल क्षेत्रफल / Gross cropped area	9040297
8.	निवल सिंचित क्षेत्रफल / Net-irrigated area	4620954
9.	सकल सिंचित क्षेत्रफल / Gross irrigated area	6965575
10.	फसलचक्र सघनता / Cropping intensity	160.58
11.	सिंचाई सघनता / Irrigation intensity	150.74

स्रोत : updes.up.in / Source: updes.up.in

पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रमुख फसलों में बीजों की विभिन्न श्रेणी की आवश्यकता :

बीज की विभिन्न श्रेणियों (प्रजनक बीज, आधारीय बीज एवं प्रमाणित बीज) की आवश्यकता को नीचे तालिका में दर्शाया गया है। तालिका से यह पता चलता है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुल प्रमाणित, आधारीय और प्रजनक बीज की आवश्यकता क्रमशः लगभग 57,47,155 क्विंटल, 1,62,369 क्विंटल तथा 5,296 क्विंटल है। कुल प्रमाणित बीज आवश्यकता में लगभग 98 प्रतिशत आवश्यकता की मांग छः फसलों नामतः गेहूं (73 प्रतिशत), धान (21 प्रतिशत), चना, मसूर एवं मटर (प्रत्येक में लगभग एक प्रतिशत) के अंतर्गत है। इसी प्रकार, आधारीय बीज आवश्यकता के मामले में भी लगभग 98 प्रतिशत आवश्यकता मांग पांच फसलों नामतः गेहूं (86 प्रतिशत), धान (6 प्रतिशत),

Requirement of different class of seed in major crops in Eastern Uttar Pradesh:

Requirement of different class of seed (Breeder seed, foundation seed and certified seed) has been presented in table given below. It is evident from the table that the total certified, foundation and breeder seed requirement of Eastern Uttar Pradesh is around 57,47,155 quintal, 1,62,369 quintal and 5,296 quintal respectively. In total certified seed requirement around 98 percent of requirement come from six crops namely wheat (73 per cent), paddy (21 per cent), gram, lentil and pea (around 1 per cent each). Similarly, in case of foundation seed requirement around 98 per cent of requirement come from five

मटर एवं चना (प्रत्येक 2 प्रतिशत) और मसूर (1 प्रतिशत) के अंतर्गत है। प्रजनक बीज आवश्यकता के मामले में, लगभग 97 प्रतिशत आवश्यकता की मांग चार फसलों नामतः गेहूं (88 प्रतिशत), धान (2 प्रतिशत) एवं चना व मटर (प्रत्येक 3.5 प्रतिशत) के अंतर्गत है।

crops namely wheat (86 per cent), paddy (6 per cent), pea and gram (2 per cent each) and lentil (1 per cent). In case of breeder seed requirement around 97 per cent of requirement come from four crops namely wheat (88 per cent), paddy (2 per cent) and gram and pea (3.5 per cent each).

तालिका 11 : पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रमुख फसलों में बीजों की विभिन्न श्रेणियों की आवश्यकता

Table 11: Requirement of different class of seed in major crops in Eastern U.P.

क्र.सं. Sl No.	फसल Crops	कुल क्षेत्रफल (हे.) Total Area (ha)	बीज दर (किग्रा. / हे.) seed rate (kg/ha)	एसएमआर (की गई गणना) SMR (enumerated)	कुल सीएस आवश्यकता (क्विंटल) Total CS requirement (q)	कुल एफएस आवश्यकता (क्विंटल) Total FS requirement (q)	कुल बीएस आवश्यकता (क्विंटल) Total BS requirement (q)
1.	गेहूं Wheat	3954189	106.23	30	4200534.97	140017.83	4667.26
2.	धान Paddy	3216435	36.68	117	1179788.35	10083.66	86.18
3.	मक्का Maize	253614	23.98	153	60816.63	397.49	2.59
4.	मसूर Lentil	177568	33.28	38	59094.63	1555.12	40.92
5.	अरहर Pigeon Pea	153563	12.5	105	19195.37	182.81	1.74
6.	चना Gram	110435	66.7	20	73660.14	3683.00	184.15
7.	तोरिया व सरसों Rape seed & Mustard	108724	5.42	250	5892.84	23.57	0.09
8.	बाजरा Pearl Millet	107906	5.4	242	5826.92	24.07	0.09
9.	चारा Fodder	88355	20	20	17671.00	883.55	44.17
10.	मटर Pea	67940	90	18	61146.00	3397.00	188.72
11.	उड़द Urd	54483	20.48	42	11158.11	265.66	6.32
12.	ज्वार Jowar	46638	10	138	4663.80	33.79	0.24
13.	जौ Barley	34517	94.05	27	32463.23	1202.34	44.53
14.	तिल Sesame	23905	4.31	296	1030.30	3.48	0.01
15.	मूंग Moong	17677	17.26	53	3051.05	57.56	1.08
16.	मूंगफली Groundnut	10431	107	20	11161.17	558.05	27.90
कुल Total					**57,47,155.00**	**1,62,369.00**	**5,295.99**

1.5 नवीन परियोजना प्रस्ताव (तदर्थ परियोजनाएँ)

1.5.1 धान किस्मों में बीज ओजता गुणों के संबंध में आणविक मार्करों, रासायनिक जांच के माध्यम से आनुवंशिक विविधता विश्लेषण पर अध्ययन

बीज ओजता, बीज का एक प्रमुख गुण है जो कि खेत परिस्थितियों में पौध आविर्भाव और एकसमान पौधा जमाव को सुनिश्चित करता है। धान की अधिकांश सुगन्धित किस्मों में किसानों को एकसमान खेत आविर्भाव की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में, उपरोक्त अध्ययन किया गया ताकि देशभर से 26 पारम्परिक सुगन्धित चावल किस्मों में बीज ओजता पैरामीटरों का परिमाणन किया जा सके।

उद्देश्य :

- पारम्परिक सुगन्धित चावल किस्मों में आनुवंशिक विविधता का मूल्यांकन करना
- पारम्परिक सुगन्धित चावल किस्मों में बीज ओजता पर रासायनिक जांच के बीच सह–संबंध का अध्ययन करना
- पारम्परिक सुगन्धित चावल किस्मों में बीज ओजता के निर्धारण हेतु एकसमान स्तर की पहचान करना

कार्य योजना :

1.5 New project proposal (Adhoc Projects)

1.5.1 Studies on genetic diversity analysis employing molecular markers, chemical tests in relation to seed vigour traits in paddy cultivars

Seed vigour is one of the major quality attributes of seed that ensures assured emergence and uniform plant stand under field conditions. In majority of scented paddy cultivars, uniform field emergence is a problem encountered by farmers. In this regard, referred study has been undertaken to quantify the seed vigour parameters in 26 traditional scented rice cultivars from across the country.

Objectives:

- To assess the genetic diversity in traditional scented rice cultivars
- To study the correlation among the chemical tests on seed vigour trait in traditional scented rice cultivars
- To identify uniform scale for determination of seed vigour in traditional scented rice cultivars

Work plan :

तालिका 12 : अध्ययन में आजमाई गईं किस्में
Table 12: Cultivars employed in the study

क्र.सं. S. No.	किस्म Variety	क्र.सं. S. No.	किस्म Variety
1	काला नमक 3 / Kala Namak 3	14	कतरनी / Katarni
2	बौना काला नमक 101 / Bauna Kala Namak 101	15	जसुआ / Jasua
3	बौना काला नमक 102 / Bauna Kala Namak 102	16	हफसल / Hafsal
4	चिनिगुरा / Chinigura	17	माल भोग / Mal Bhog
5	काला भात / Kala Bhat	18	सोनाचुर / Sonachur
6	गोबिन्द भोग / Gobinda Bhog	19	वलाई / Walai
7	कस्तूरी / Kasturi	20	दोडाकी / Dodaki
8	टी 23 / T 23	21	पटनी / Patani
9	मस्क बुदगी / Musk Budgi	22	बीपीटी 5204 / BPT 5204
10	तरूण भोग / Tarun Bhog	23	एमटीयू 7029 / MTU 7029
11	दुबराज / Dubraj	24	राजेन्द्र श्वेता / Rajendra Swetha
12	विष्णु भोग / Vishnu Bhog	25	एचयूआर 105 / HUR 105
13	बादशाह भोग / Badshah Bhog	26	सीओ 51 / CO 51

एसएसआर मार्करों का उपयोग करके विविधता अध्ययन :

उपलब्ध एसएसआर मार्करों का उपयोग बहुरूपीय अध्ययन के लिए किया जाएगा। पीआईसी मान का उपयोग उपयुक्त सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए आनुवंशिक विविधता का आकलन करने में किया जाना चाहिए।

Diversity studies using SSR markers:

Available SSR markers will be used for polymorphic studies. PIC values shall be used for assessing genetic diversity using appropriate software.

रासायनिक जांच :

1. फिनोल जांच
2. संशोधित फिनोल जांच – ए (CuSO4)
3. सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) जांच
4. पोटेसियम हाइड्रॉक्साइड (KOH) जांच

बीज ओजता का विश्लेशण

उपचार :

1. ताजा बीज
2. आयु 20 दिन 100 प्रतिशत आपेक्षिक आर्द्रता पर (40 ± 1 °C)

दर्ज किए जाने वाले आंकड़े :

1. **बीज नमी मात्रा** (महीन ग्राइन्डिंग, तापमान (12 घंटे के लिए 130° सेल्सियस), ओवन शुष्क विधि का उपयोग करके एसएमसी के लिए मूल सामग्री का 5.0 ग्राम उपयोग किया गया)
2. **औसत अंकुरण समय** (चार पुनरावृतियों में 400 बीज, 14 दिनों के लिए अंकुरण प्रतिशत पर आंकड़े, 14 दिनों तक प्रत्येक दिन रेडीकल आविर्भाव गणना की गई)
3. **खेत आविर्भाव (प्रतिशत)** (चार पुनरावृतियों में 400 बीज, खेत आविर्भाव को 7वें एवं 14वें दिन पर दर्ज किया गया)
4. **बीज ओजता सूचकांक 1** (यादृच्छिक रूप से चयनित दस पौध की लंबाई का उत्पाद एवं 14वें दिन की समाप्ति पर अंकुरण प्रतिशत)
5. **बीज ओजता सूचकांक 2** (यादृच्छिक रूप से चयनित दस पौध के शुष्क भार (ग्राम) का उत्पाद एवं 14वें दिन की समाप्ति पर अंकुरण प्रतिशत)
6. **1000 बीजों का भार** (प्रत्येक 100 बीजों की 8 पुनरावृतियों में 800 बीजों का भार, मानक कार्यविधि के अनुसार औसत एवं विचलन की गणना)
7. **एंजाइम गतिविधि का निर्धारण**
   क) एल्फा एमायलेज
   ख) एसओडी

1.6 एसटीआर परीक्षण

1.6.1 दलहन भृंग के प्रबंधन हेतु कीटनाशकों का कटाई–पूर्व छिड़काव करने के प्रभाव का मूल्यांकन

परिचय :

लोबिया की फसल में दलहन भृंग के खेत संक्रमण की रोकथाम करने के प्रयोजन से कीटनाशकों इमामेक्टिन @ 0.3 मिलि. / लिटर तथा नीमाजल @ 2 मिलि. / लिटर, 4 मिलि. / लिटर एवं 6 मिलि. / लिटर का कटाई पूर्व छिड़काव की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। इस प्रयोग को तीन बार छिड़काव के साथ किया गया। प्रयोग को तीन पुनरावृतियों में स्ट्रिप प्लॉट

Chemical Tests:

1. Phenol Test
2. Modified Phenol Test-A (CuSO4)
3. Sodium Hydroxide (NaOH) Test
4. Potassium Hydroxide (KOH) Test

Seed vigour analysis

Treatments:

1. Fresh seed
2. Ageing 20 days (40 ± 1 °C) at 100 % RH

Observations to be recorded:

1. **Seed Moisture Content** [Fine grinding, temperature (130 °C for 2 h), 5.0 g of ground material to be used for SMC using oven dry method]
2. **Mean Germination Time** (400 seeds in 4 replications, observation on germination % for 14 days, radicle emergence count to be taken every day till 14th day)
3. **Field emergence (%)** (400 seeds in 4 replication, FE to be recorded at 7th day & 14th day)
4. **Seed vigour index I** (product of length of 10 randomly selected seedlings and germination % at the end of 14th day)
5. **Seed vigour index II** (product of dry weight in grams of 10 seedling randomly selected and germination % at the end of 14th day)
6. **1000 seed weight** (800 seeds weighed in 8 replications of 100 seeds each, calculate mean & variance as per standard procedure)
7. **Determination of enzyme activity**
   a. Alpha Amylase
   b. SOD

1.6 STR Experiments

1.6.1 Evaluation of pre-harvest spraying of insecticides for management of pulse beetle

Introduction:

To evaluate the efficacy of pre-harvest spray of insecticides Emamectin Benzoate @ 0.3ml/L and Neemazal @ 2ml/L, 4ml/L and 6ml/L for management of field infestation of pulse beetle in cowpea an experiment was conducted with 3 schedules of spraying. Experiment was carried out in strip plot design with 3 replications. Observation on

डिजाइन में किया गया। दो माह तक सात दिनों के अन्तराल पर वयस्क आविर्भाव पर आंकड़ों को दर्ज किया गया।

उद्देश्य :

- कीटनाशकों का कटाई–पूर्व छिड़काव करके दलहन भृंग का प्रबंधन

परिणाम :

भण्डारण के आठ सप्ताह बाद कंट्रोल के मुकाबले में अन्य सभी छिड़काव कीट नुकसान को कम करने में उल्लेखनीय रूप से प्रभावी पाए गए। कंट्रोल के तहत सबसे अधिक ब्रुकिड संक्रमण पाया गया जबकि इसके उपरान्त नीमाजल @ 2 मिलि./लिटर तथा 4 मिलि./लिटर में पाया गया जबकि नीमाजल @ 6 मिलि./लिटर और इमामेक्टिन बेन्जोएट @ 0.3 ग्राम/लिटर का छिड़काव करना ब्रुकिड संक्रमण को कम करने में सबसे अधिक प्रभावी था। छिड़काव समय–सारणी के संबंध में 50 प्रतिशत फली परिपक्वता पर छिड़काव और परिपक्वता पर छिड़काव के बीच कोई उल्लेखनीय भिन्नता देखने को नहीं मिली जबकि 50 प्रतिशत फली परिपक्वता और परिपक्वता पर दो बार छिड़काव करने पर ब्रुकिड संक्रमण में उल्लेखनीय रूप से कमी आई। जब हमने वानस्पतिकों व छिड़काव समय–सारणी के बीच पारस्परिक उपचार पर विचार किया तब भण्डारण के आठ सप्ताह उपरान्त 2.6 प्रतिशत तथा 2.5 प्रतिशत कीट संक्रमण के साथ 50 प्रतिशत फली परिपक्वता और परिपक्वता पर क्रमशः नीमाजल 10000 पीपीएम @ 6 मिलि./लिटर और इमामेक्टिन बेन्जोएट @ 0.3 मिलि./लिटर का दो बार छिड़काव करने पर सर्वश्रेष्ठ परिणाम देखने को मिले जबकि इसकी तुलना में कंट्रोल के तहत 11.27 प्रतिशत तक कीट संक्रमण देखने को मिला।

1.6.2 *चिनोपोडियम क्विनोवा* प्रजाति के लिए बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी के विकास पर परीक्षण

परिचय :

रबी 2019–20 के दौरान विखण्डित प्लॉट डिजाइन में तीन पुनरावृतियों में प्रयोग किया गया, मुख्य प्लॉट के लिए चार पोषक तत्व संयोजनों को आवंटित किया गया और उप प्लॉटों के लिए तीन बीज प्राइमिंग तकनीकों को आजमाया गया ताकि *चिनोपोडियम क्विनोवा* की उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी की जा सके (चित्र 26)।

उद्देश्य :

- *चिनोपोडियम क्विनोवा* की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने हेतु उपयुक्त बीज गुणवत्ता संवर्धन तकनीकों का मानकीकरण करना

परिणाम :

चिनोपोडियम क्विनोवा में पौधा वृद्धि एवं बीज उपज पर पोषक तत्व प्रबंधन उपचारों के उल्लेखनीय प्रभाव का पता चला। पोषक तत्व प्रबंधन उपचारों में, उपचार N3 (प्रति हेक्टेयर 80 किलोग्राम यूरिया + 50 किलोग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा 50 किलोग्राम म्यूरियेट ऑफ पोटाश + फूल आने से पहले 2%

adult emergence was taken at 7 days interval up to two months.

Objectives:

- Management of pulse beetle through pre-harvest spraying of insecticides

Results:

All the spraying schedules were significantly effective in reducing insect damage compared to control after 8 weeks of storage. Highest bruchid infestation was observed in control followed by Neemazal @ 2ml/L and 4ml/ L, whereas Neemazal @ 6ml/L and Emamectin benzoate @ 0.3 g/L were more effective in reducing bruchid infestation. With respect to spraying schedules no significant difference was observed between spraying at 50% pod maturity and spraying at maturity, whereas spraying two times at 50% pod maturity and maturity has significantly decreased the bruchid infestation. When we consider the interaction treatment between botanicals and spraying schedules, Neemazal 10000ppm @ 6ml/L and Emamectin Benzoate @ 0.3ml/L spraying twice at 50% pod maturity and maturity were sound to be best at 2.6% and 2.5% insect damage after 8 weeks of storage respectively, when compared to control which showed up to 11.27 % of infestation.

1.6.2 Experiment on development of Seed Production Technology for *Chenopodium quinoa* sp

Introduction:

The experiment was conducted during *Rabi* 2019-20 with 3 replications in split plot design, four nutrient combinations were allotted as main plots and 3 seed priming techniques for subplots to increase the production potential of *Chenopodium quinoa* (Fig. 26).

Objectives:

- To standardize suitable seed quality enhancement techniques to enhance the production potential of *Chenopodium quinoa*

Results:

Observations revealed significant effect of nutrient management treatments on plant growth and seed yield attributes in *Chenopodium quinoa*. Among the nutrient management treatments, N3 (80 kg Urea + 50 kg Super phosphate and 50 kg Muriate of potash per ha + 2% DAP spray at pre-flowering) was found

DAP का छिड़काव) पौधा ऊंचाई, पुष्पगुच्छ की लंबाई, प्रति पौधा शाखाओं की संख्या और प्रति प्लॉट बीज उपज के संबंध में बेहतर पाया गया। प्राइमिंग उपचारों में 20 प्रतिशत तरल *स्यूडोमोनास फ्लोरेसेन्स* के साथ बीज प्राइमिंग करना अधिकांश गुणों के लिए बेहतर पाया गया। पोषक तत्व प्रबंधन उपचारों के साथ बीज प्राइमिंग की पारस्परिकता के मध्य उपचार N3P3 (प्रति हेक्टेयर 80 किलोग्राम यूरिया + 50 किलोग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा 50 किलोग्राम म्यूरियेट ऑफ पोटाश + फूल आने से पहले 2% DAP का छिड़काव के साथ 20 प्रतिशत तरल *स्यूडोमोनास फ्लोरेसेन्स* के साथ बीज प्राइमिंग करना) के तहत पैरामीटरों के लिए अधिकतम मान दर्ज किए गए।

superior with respect to plant height, panicle length, No. of branches /plant and seed yield /plot. Among the priming treatments, seed priming with 20 % liquid *Pseudomonas fluorescence* was superior for most of the characters. Among interactions of seed priming with nutrient management treatments, N3P3 (80 kg Urea + 50 kg Single Super Phosphate and 50 kg Muriate of Potash per ha + 2% DAP spray at pre-flowering along with seed priming with 20 % liquid *Pseudomonas fluorescence*) recorded highest values for parameters.

चित्र 26 : *चिनोपोडियम क्विनोवा* के लिए बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी के विकास पर प्रयोग का खेत दृश्य
Fig. 26. Field view of experiment on development of seed production technology for *Chenopodium quinoa*

1.6.3 चावल में बीज मानक (ODV) के लिए आईएमएससीएस 2013 को पुनः परिभाषित करना

चावल के सभी तीनों वर्गों यथा लघु, मध्यम एवं लंबे दाना टाइप में प्रयोग किया गया। छोटे बीजों वाले वर्ग में व्यावसायिक किस्म राजेन्द्र श्वेता का संदूषक पौधा यथा व्यावसायिक किस्म एमटीयू 7029 के साथ साथ बीज फसल के रूप में गुणनीकरण किया गया। इसी प्रकार मध्यम एवं बड़े बीजों वाले वर्ग में व्यावसायिक किस्म डब्ल्यूजीएल 347 (BS - FS) तथा सीओ –51 (FS - BS) तथा एचयूआर 105 का गुणनीकरण क्रमशः संदूषक पौधा व्यावसायिक किस्म राजेन्द्र श्वेता एवं पूसा बासमती 1 के साथ बीज फसल के तौर पर किया गया। बीएस से एफएस गुणनीकरण में एकल संदूषक को अनुमति दी गई और एफएस से सीएस बीज गुणनीकरण में चार संदूषकों को अनुमति दी गई।

1.6.3 Redefining IMSCS 2013 for seed standard (ODV) in rice

Experiment was carried out in all three groups of rice i.e. small, medium and long grain types. Among small seeded group, cv. Rajendra Swetha was multiplied as seed crop along with contaminator plant *i.e.* cv. MTU 7029. Similarly in medium and long seeded group cv. WGL 347 (BS-FS) & CO-51 (FS-CS) and HUR 105 was multiplied as seed crop along with contaminator plant cv. Rajendra Swetha and Pusa Basmati 1, respectively. Single contaminator was allowed in BS to FS multiplication and four were allowed in FS to CS seed multiplication.

तालिका 13 : अध्ययन में आजमाई गईं किस्में
Table 13: Cultivars employed in the study

वर्ग **Group**	प्रजनक से आधारीय बीज गुणनीकरण (उपयोग किया गया प्रजनक बीज) **Breeder to Foundation seed multiplication** (Breeder seed used)	आधारीय से प्रमाणित बीज गुणनीकरण (उपयोग किया गया आधारीय बीज) **Foundation to Certified seed multiplication** (Foundation seed used)
लघु Small (S)	राजेन्द्र श्वेता – 2000 पौधे एमटीयू 7029 – 01 पौधा Rajendra Swetha- 2000 plant MTU 7029- 01 plant	राजेन्द्र श्वेता – 2000 पौधे एमटीयू 7029 – 04 पौधे Rajendra Swetha- 2000 plant MTU 7029- 04 plant

मध्यम Medium (M)	डब्ल्यूजीएल 347 – 2000 पौधे राजेन्द्र श्वेता – 01 पौधा WGL-347 - 2000 plant Rajendra Swetha- 01 plant	CO 51- 2000 पौधे राजेन्द्र श्वेता – 04 पौधे CO 51- 2000 plant Rajendra Swetha- 04 plant
बड़ा Long (L)	एचयूआर 105 – 2000 पौधे पूसा बासमती 1 – 01 पौधा HUR 105- 2000 plant Pusa Basmati 1- 01 plant	एचयूआर 105 – 2000 पौधे पूसा बासमती 1 – 04 पौधे HUR 105- 2000 plant Pusa Basmati 1- 04 plant

परिणाम :

प्रत्येक 1000 ग्राम के तीन नमूनों को प्रयोगशाला में पुनरावृति के रूप में प्रत्येक वर्ग से लिया गया। लिए गए सम्पूर्ण 1000 ग्राम नमूने पर ओडीवी का निर्धारण किया गया। आधारीय बीज गुणनीकरण अवस्था में, सभी तीनों वर्गों यथा लघु, मध्यम एवं बड़े में पाए गए ओडीवी (संख्या/किलोग्राम) को 10 बीज/किलोग्राम की निर्धारित सीमा के भीतर पाया गया। जबकि लघु, मध्यम एवं बड़े बीज टाइप की प्रमाणित बीज उत्पादन अवस्था में, पाए गए ओडीवी (संख्या/किग्रा.) 20 बीज/किग्रा. की निर्धारित सीमा से कहीं उच्चतर यथा क्रमशः 23.0 बीज/किग्रा., 32.6 बीज/किग्रा. तथा 23.3 बीज/किग्रा. पाए गए।

Results:

Three samples each of 1000 g were drawn from each group as replications in laboratory. The ODV was determined on entire 1000 g of sample drawn. In foundation seed multiplication stage, observed ODVs (no/kg) in all three groups i.e. small, medium and long was found to be within prescribed limit of 10/kg of seed. While in certified seed production stage of small, medium and long type, observed ODVs (no/kg) were higher than the prescribed limit of 20/ kg i.e. 23.0 seeds/kg, 32.6 seeds/kg and 23.3 seeds/kg, respectively.

तालिका 14 : भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ में आधारीय एवं प्रमाणित बीज गुणनीकरण प्लॉटों में लघु, मध्यम एवं बड़े बीज टाइप के बीच पाए गए ओडीवी (संख्या/किग्रा.)

Table 14: Observed ODVs (no/kg) among small, medium and long type in foundation and certified seed multiplication plots at ICAR-IISS, Mau

बीज की श्रेणी Class of seed	पाए गए ओडीवी (संख्या/किग्रा.) ODV observed (No/ kg)	बीज की श्रेणी Class of seed	पाए गए ओडीवी (संख्या/किग्रा.) ODV observed (No/ kg)
आधारीय Foundation		**प्रमाणित Certified**	
लघु Small		**लघु Small**	
R1	5	R1	19
R2	11	R2	26
R3	8	R3	24
औसत Mean	**8.0**	**औसत Mean**	**23.0**
मध्यम Medium		**मध्यम Medium**	
R1	8	R1	31
R2	5	R2	38
R3	9	R3	29
औसत Mean	**7.3**	**औसत Mean**	**32.6**
लंबे अथवा बड़े Long		**लंबे अथवा बड़े Long**	
R1	13	R1	25
R2	8	R2	19
R3	9	R3	26
औसत Mean	**10.0**	**औसत Mean**	**23.3**

निष्कर्ष :

दूसरे वर्ष के परिणामों से यह सुझाव मिला कि आईएमएससीएस, 2013 में प्रमाणित बीज श्रेणी के लिए ओडीवी मानकों में 20 बीज/किग्रा. से 25 बीज/किग्रा. तक छूट देने की जरूरत है। खरीफ 2018 के दौरान, आधारीय बीज गुणनीकरण अवस्था में, सभी तीन वर्गों यथा लघु, मध्यम एवं बड़े में पाए गए ओडीवी (संख्या/किग्रा.) 10 बीज/किग्रा. की निर्धारित सीमा में पाए गए जबकि लघु, मध्यम एवं बड़े बीज वाले वर्गों की प्रमाणित बीज उत्पादन अवस्था में पाए गए ओडीवी (संख्या/किग्रा.) की संख्या 20 बीज/किग्रा. की निर्धारित सीमा से कहीं अधिक यथा क्रमशः 23.3 बीज/किग्रा., 23.7 बीज/किग्रा. एवं 21.0 बीज/किग्रा. पाई गई।

1.6.4 चयनित फसलों में जैविक बीज उत्पादन प्रणालियों का इष्टतमीकरण

लगातार कम होते प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के संबंध में बढ़ रही चिंता को देखते हुए खुशहाली के लिए टिकाऊ आजीविका हेतु खाद्य एवं पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने को अत्यधिक महत्व मिल रहा है। इन समस्याओं का समाधान करने की दिशा में जैविक खेती प्रणाली द्वारा एक वैध वैकल्पिक युक्ति प्रस्तुत की जाती है और जैविक फसल उत्पादन के लिए बीजों को जैविक रीति में ही उगाया जाना चाहिए। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – राष्ट्रीय बीज परियोजना (फसलें) के संघटक बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान के तहत धान की फसल में खरीफ 2020 में एक प्रयोग शीर्षक ''चयनित फसलों में जैविक बीज उत्पादन प्रणालियों का इष्टतमीकरण'' को प्रारंभ किया गया। इसका उद्देश्य जैविक बीज उत्पादन प्रणालियों के तहत फसल किस्मों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना और साथ ही जैविक उत्पादन प्रणालियों के तहत बीज उपज एवं गुणवत्ता विशेषताओं पर जैविक पोषक तत्व स्रोतों के प्रभाव का अध्ययन करना था। धान की चार किस्मों यथा केएन 3, बीके 101, बीके 102 एवं राजेन्द्र श्वेता को तीन पोषक तत्व प्रबंधन प्रणालियों यथा कंट्रोल, जैविक स्रोतों (गोबर की खाद के माध्यम से 50 प्रतिशत आरडीएन + वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से 50 प्रतिशत आरडीएन + 10 किलोग्राम पीएसबी/हे. + 10 किलोग्राम केएसबी/हे.) के माध्यम से नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटेसियम का प्रयोग और राज्य द्वारा नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटेसियम उर्वरकों (अजैविक) की संस्तुत मात्रा के साथ उगाया गया। प्रारंभिक आंकड़ों से यह स्पष्ट हुआ कि फसल बढ़वार के संबंध में जैविक स्रोतों (गोबर की खाद के माध्यम से 50 प्रतिशत आरडीएन + वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से 50 प्रतिशत आरडीएन + 10 किलोग्राम पीएसबी/हे. + 10 किलोग्राम केएसबी/हे.) के माध्यम से नाइट्रोजन – फॉस्फोरस – पोटेसियम का प्रयोग करना सांख्यिकीय रूप से अजैविक उपचारों के समतुल्य पाया गया। पुनः विभिन्न किस्मों में फसल बढ़वार में उल्लेखनीय भिन्नता देखने को मिली।

Inference:

Second year results suggest that, there is need to relax ODV standards for certified seed class in IMSCS, 2013 from 20/kg to 25/kg. During Kharif, 2018, in foundation seed multiplication stage, observed ODVs (no/kg) in all three groups *i.e.* small, medium and long was found to be within prescribed limit of 10/kg of seed. While in certified seed production stage of small, medium and long type, observed ODVs (no/kg) were higher than the prescribed limit of 20/ kg *i.e.* 23.3 seeds/kg, 23.7 seeds/kg and 21.0 seeds/kg, respectively.

1.6.4 Optimization of organic seed production systems in selected crops

With dwindling natural resources base and increasing environmental concern, balancing food and environmental security assumes greater importance to sustainable livelihood for prosperity. To overcome these problems, organic farming presents a valid alternative approach and for organic crop production seed should be organically produced. Keeping all these facts in mind an experiment entitled "Optimization of organic seed production systems in selected crops" was started in kharif 2020 in paddy crop under Seed Technology Research (STR) component of AICRP-NSP (Crops) with the objectives of evaluation of crop varieties for their suitability under organic seed production systems and to study the influence of organic nutrient sources on seed yield and quality attribute under organic production systems. Four rice varieties viz. KN-3, BK-101, BK-102 and Rajendra Sweta were grown with three nutrient management systems i.e. control, application of NPK through organic sources (50 % RDN through FYM+ 50 % RDN through vermicompost + 10kg PSB/ ha + 10kg KSB/ ha) and state recommended dose of NPK Fertilizer (Inorganic). It is apparent from initial data that application of NPK through organic sources (50 % RDN through FYM+ 50 % RDN through vermicompost + 10kg PSB/ ha + 10kg KSB/ ha) was found statistically on par with inorganic treatment in terms of crop growth. Further, different varieties also brought about significant differences in crop growth.

चित्र 27 : विभिन्न पोषक तत्व प्रबंधन प्रणालियों के तहत चावल की फसल
Fig. 27: Rice crop under different nutrient management systems

1.6.5 प्रसंस्कृत, अप्रसंस्कृत तथा किसानों के बीज नमूनों में चावल बंट एवं किसानों के खेतों में जीवाण्विक पत्ती अंगमारी, जीवाण्विक पुश्पगुच्छ अंगमारी का पता लगाना एवं उसकी निगरानी

उद्देश्य :

- किसान एवं प्रसंस्करण संयंत्र से संकलित बीज नमूनों में रोगजनकों की स्थिति का निर्धारण करना
- विभिन्न स्थानों में वितरण मानचित्र तैयार करना

कार्य प्रगति :

चावल बंट का पता लगाने और उसकी निगरानी करने के उद्देश्य से चावल फसल की कटाई के उपरान्त नमूनों को संकलित किया गया। जीवाण्विक पत्ती अंगमारी और जीवाण्विक पुष्पगुच्छ अंगमारी का पता लगाने के लिए किसानों के खेतों में अनेक बार दौरे किए गए जिन्हें अगस्त – सितम्बर, 2020 में आयोजित किया गया। जीवाण्विक पत्ती अंगमारी और पुष्पगुच्छ अंगमारी दोनों के लिए संदेहास्पद नमूनों को संकलित किया गया। रोगजनता के लिए पुष्टि की मानक पारम्परिक विधियों का अनुपालन किया गया।

1.6.6 बीजजनित प्रकृति वाले उभरते हुए नए रोगों की निगरानी करना

उद्देय :

- बीज रोगजनकों से संबंधित नए रोगों व रोगजनकों की मौजूदगी को दर्ज करना

कार्य प्रगति :

चावल : बीजजनित प्रकृति वाले उभरते हुए नए रोगों की निगरानी करने के लिए जुलाई से सितम्बर, 2020 की अवधि के दौरान किसानों के खेतों में और संस्थान के अनुसंधान फार्म में कई बार दौरे किए गए। जीवाण्विक पत्ती अंगमारी और पुष्पगुच्छ अंगमारी जैसे लक्षण दर्शाने वाले पौधों से नमूनों को संकलित किया गया। इन नमूनों से कवक और जीवाणु को अलग किया गया और इनकी पहचान एवं पुष्टि पर आगे अध्ययन किया जा रहा है। *यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स* के कारण होने वाला

1.6.5 Monitoring and detection of rice bunt in processed, unprocessed and farmers' seed sample and bacterial leaf blight, bacterial panicle blight at farmer' field

Objective :

- To determine the status of pathogen in seed sample from farmer and processing plant
- To prepare the distribution map in different locations

Progress made:

For monitoring and detection of rice bunt, samples were collected after harvesting of rice crop. For bacterial leaf blight and bacterial panicle blight several visits to farmer's field have been conducted during August- September 2020. Suspected samples were collected for both bacterial leaf blight and panicle blight. Standard conventional methods of confirmation were followed to establish pathogenicity.

1.6.6 Monitoring of emerging new diseases of seed borne nature

Objective :

- To record the prevalence of new diseases and pathogens associated with seed pathogens

Progress made :

Rice - For monitoring of emerging new diseases of seed borne nature, visited several farmers' field and Institutes research farm during July- Sept. 2020. Samples were collected from plants showing BLB and panicle blight like symptoms. Fungi and bacteria were isolated from these samples and further study is going on its identification and confirmation. False

फाल्स स्मट एक नया उभरता हुआ रोग है और इसके कारण प्रजनक बीज उत्पादन और साथ किसानों के खेतों में भारी नुकसान हो रहा है। अनेक खेतों में फाल्स स्मट रोग का भारी प्रकोप देखने को मिला। फसल की कटाई तक इस रोग की निगरानी की जाती रही और आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।

smut caused by *Ustilaginoidea virens*is is a new emerging disease and is causing heavy losses in breeder's seed production and also in farmer's fields. Heavy incidence of false smut was seen in many fields. Monitoring for this disease continued till the harvesting of the crop and data was analyzed.

चित्र 28 : किसान के खेत से संकलित फाल्स स्मट संकमित पुष्पगुच्छ में चावल की व्यावसायिक किस्म सम्पूर्णा के पुष्पकों में सुनहरी पीली स्मट बॉल्स दिख रही हैं

Fig. 28 : False smut infected panicles from farmers field showing golden yellow smut balls in florets of rice cv. Sampurna



चित्र 29 : चावल पुष्पगुच्छ में पुष्पगुच्छ अंगमारी लक्षण दिख रहे हैं; सतह निजर्मीकृत बीज प्लेटिंग विधि में केवल जीवाण्विक वृद्धि प्रदर्शित हो रही है

Fig. 29 : Rice panicles showing panicle blight symptoms; Surface sterilized seed plating method showing only bacterial growth

1.6.7 किसानों द्वारा बचत किए गए बीजों की स्वास्थ्य स्थिति पर अध्ययन

उद्देश्य :

किसानों द्वारा अपने स्तर पर बचत किए गए बीजों से संकलित किए गए बीज नमूनों की स्वास्थ्य स्थिति का निर्धारण करना

फसल (क) : गेहूं

प्रगति :

गेहूं फसल की बुवाई करने से पहले अक्टुबर–नवम्बर माह में

1.6.7 Studies on seed health status of farmers saved seeds

Objective:

- To determine the health status of seed samples from the farmers own saved seeds

Crop (a): Wheat

Progress:

Seed samples of farmers saved seeds collected in

किसानों द्वारा बचाकर रखे गए बीजों से नमूने संकलित किए गए। इन नमूनों की स्वास्थ्य स्थिति जानने के लिए पुनः जांच की गई।

month of October – November before sowing of wheat crop. These samples further tested for their health status.



चित्र 30 : मानक ब्लॉटर विधि से बीज अंकुरण परीक्षण
Fig. 30: Standard Blotter Method seed germination testing



चित्र 31 : NaOH बीज भिगोने की विधि से बीज स्वास्थ्य परीक्षण
Fig. 31: NaOH Seed Soak Method seed health testing

फसल (ख) : धान

प्रगति :

किसानों द्वारा बचत किए गए बीजों में से मई – जून, 2020 के दौरान धान के 200 बीज नमूनों को संकलित किया गया। धान में बंट रोगजनकों का पता लगाने के लिए NaOH के साथ बीज को भिगोने की विधि का इस्तेमाल किया गया। हासिल किए गए परिणामों में प्रदर्शित हुआ कि 10 प्रतिशत नमूने बंट रोगजनक (1 – 3 प्रतिशत) से संक्रमित थे। विज्युल अवलोकन पर डाटा में प्रदर्शित हुआ कि 12 प्रतिशत बीज नमूनों में विभिन्न बीज संबंधित माइकोफ्लोरा द्वारा उत्पन्न बीज बदरंग के हल्के लक्षण पाए गए। आंकड़ों में प्रदर्शित हुआ कि 15 प्रतिशत नमूनों में अंकुरण प्रतिशत आईएसटीए मानकों (<80%) से कम था।

Crop (b): Paddy

Progress:

200 seed samples of paddy were collected in month of May-June, 2020 from farmers saved seed. NaOH seed soak method was used to detect paddy bunt pathogen. Results obtained showed that 10% samples were infected with bunt pathogen (1-3%). Data on visual observations showed that 12% seed samples showed mild symptoms of seed discoloration produced by different seed associated mycoflora. Data showed that 15% samples had germination per cent below the ISTA standards (<80%).



चित्र 32 : NaOH के साथ बीज को भिगोने पर बीज स्वास्थ्य का परीक्षण
Fig. 32: NaOH Seed Soak Method seed health testing

1.6.8 विशेषता वाले बीजजनित रोगजनकों के लिए पहचान विधियों का मानकीकरण

उद्देश्य :

- किसी विशेष क्षेत्र में प्रचलित विशेषता वाले बीजजनित रोगजनकों का पता लगाने के लिए विभिन्न तकनीकों की प्रभावशीलता पर कार्य करना

प्रगति :

विभिन्न फसलों में अनेक बीजजनित रोग पाए जाते हैं। भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान की पादप रोगविज्ञान प्रयोगशाला द्वारा *यूस्टिलेजीनॉयडिया वाइरेन्स, फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम* एफ. प्रजाति *साइसेरी* जैसे रोगजनकों और चावल एवं गेहूं आदि के अन्य जीवाण्विक रोगजनकों का पता लगाने की विधियों का मानकीकरण करने पर कार्य किया जा रहा है।

1.6.9 गेहूं में बीज जमाव, बीज उपज एवं गुणवत्ता पर अंतस्थ ताप दबाव का प्रभाव

उद्देश्य :

- गेहूं में पुनर्जनन चरण के दौरान ताप दबाव के प्रतिकूल प्रभाव का मूल्यांकन करना एवं इसका प्रशमन

उपलब्धियां :

गेहूं की तीन किस्मों यथा एचडी 2967, एचडी 3059 एवं डब्ल्यूआर 544 को बुवाई की क्रमशः सामान्य, पछेती और अति पछेती तारीखों के लिए संस्तुत किया गया जिन्हें भाकृअनुप – भारतीय बीज विज्ञान संस्थान के प्रयोगात्मक फार्म पर विखण्डित – विखण्डित प्लॉट डिजाइन में बोया गया। प्रत्येक किस्म को बुवाई की सामान्य, पछेती और अति पछेती तारीखों पर बोया गया। सैलीसाइलिक अम्ल (800 पीपीएम), सैलीसाइलिक अम्ल (400 पीपीएम), एस्कॉर्बिक अम्ल (10 पीपीएम), KCl (1 प्रतिशत), थियूरिया (400 पीपीएम) तथा साइकोसेल (1000 पीपीएम) के प्रशमन उपचारों को आजमाया गया। बुवाई की सामान्य तारीख वाली स्थिति के तहत कंट्रोल की तुलना में सैलीसाइलिक अम्ल (400 पीपीएम) का उपयोग करते हुए एचडी 2967 एवं एचडी 3059 किस्म में क्रमशः 17 एवं 4.25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई । इसी प्रकार कंट्रोल की तुलना में थियूरिया (400 पीपीएम) का प्रयोग करने पर डब्ल्यूआर 544 किस्म में 18.4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। पछेती बुवाई परिस्थिति में कंट्रोल की तुलना में थियूरिया (400 पीपीएम) का प्रयोग करने पर एचडी 3059 की उपज में 17. 5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बुवाई की सामान्य, पछेती और अति पछेती परिस्थितियों के तहत किस्म डब्ल्यूआर 544 में क्रमशः 38, 40 एवं 50 क्विंटल/हे. की उपज दर्ज की गई जिससे पता चलता है कि यह किस्म अंतस्थ ताप दबाव के प्रति सहिष्णु है। कंट्रोल के मुकाबले में सैलीसाइलिक अम्ल (800 पीपीएम) का प्रयोग करने पर किस्मों एचडी 2967 तथा डब्ल्यूआर 544 के अंकुरण प्रतिशत में क्रमशः 21 एवं 10.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखने को मिली जबकि सैलीसाइलिक

1.6.8 Standardization of detection methods for seed borne pathogens of significance

Objective :

- To work out the efficacy of different techniques for the detection of seed borne pathogens of significance prevalent in a particular region

Progress:

There are many seed borne diseases in different crops. Plant pathology lab of ICAR-IISS is working on standardization of detection methods of pathogens like *Ustilaginoidea virens*, *Fusarium oxysporum*f.sp. *ciceris* and other bacterial pathogens of rice and wheat etc.

1.6.9 Influence of terminal heat stress on seed set, seed yield and quality in wheat

Objective:

- To evaluate the adverse effect of heat stress during the reproductive phase in wheat and its mitigation

Achievements :

Three wheat varieties; HD2967, HD3059 and WR544 recommended for normal, late and very late dates of sowings, respectively were sown in experimental farm, ICAR-IISS in split-split plot design. Each variety has been sown thrice at normal, late and very late sowing dates. Mitigation treatments of salicylic acid (800 ppm), salicylic acid (400 ppm), ascorbic acid (10 ppm), KCl (1%), Thiourea (400 ppm) and Cycocel (1000 ppm) were applied. Under normal sown condition yield of the varieties HD2967 and HD3059 increased by 17 and 4.25 % using salicylic acid 400 ppm and for WR 544 yield increased by 18.4 % using thiourea 400 ppm over control. Under late sown condition yield of the variety HD3059 increased by 17.5 % over control applying thiourea 400 ppm. Yield of variety WR 544 was recorded 38, 40 and 50 Q/ha under normal, late and very late sown conditions indicating this variety as tolerant to terminal heat stress. Germination percentage of the varieties HD2967 and WR 544 increased by 21 and 10.5 %, respectively using salicylic acid 800 ppm whereas for variety HD 3059 germination % improved by 13 % using salicylic acid 400 ppm over control.

अम्ल (400 पीपीएम) के साथ उपचार करने पर किस्म एचडी 3059 में अंकुरण प्रतिशत में 13 प्रतिशत तक का सुधार पाया गया।

1.6.10 खेत फसलों (धान एवं अन्य फसलें) के सार्वजनिक सेक्टर वाले संकरों में आणविक मार्करों का उपयोग करके संकर परिशुद्धता की जांच करना

उद्देश्य :

- विभिन्न खेत फसलों में ग्रो आउट जांच (GOT) की तुलना में संकर परिशुद्धता जांच में आणविक मार्करों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना
- विभिन्न संकरों के लिए चिन्हित मार्करों का प्रमाणन करना

प्रयोगात्मक सामग्री

दो केन्द्रों से धान की संकर किस्मों और उनके पैतृक वंशक्रमों के बीज प्राप्त किए गए। धान में संकर परिशुद्धता मूल्यांकन के लिए अनूठे एसएसआर मार्करों (आरएम 276 एवं आरएम 206) के प्रमाणन हेतु डीएनए फिंगरप्रिन्टिंग का कार्य किया गया।

उपयोग किए गए संकर एवं उनके पैतृक वंशक्रम

1. जेजीएलएच – 1 (संकर), सीएमएस 46 ए (A वंशक्रम) तथा जेबीआर 7 (R वंशक्रम)
2. जेआरएच 5 (संकर), A वंशक्रम एवं R वंशक्रम

परिणाम एवं निष्कर्ष

- इस अध्ययन में एसएसआर मार्कर आरएम 276 द्वारा संकर एवं पैतृक वंशक्रमों के मध्य बहुरूपिता प्रदर्शित की गई। A तथा R वंशक्रमों में पाया गया बैण्ड आकार क्रमशः 80 bp एवं 130 bp था और जांचे गए संकर में दोनों पैतृक वंशक्रमों का समायोजन था जिससे संकरता की पुष्टि हुई। अतः आरएम 276 का उपयोग आनुवंशिक परिशुद्धता मूल्यांकन के लिए और धान संकर जेआरएच 5 के संकरता निर्धारण के लिए किया जा सकता है (चित्र 33)।

1.6.10 Hybrid purity testing using molecular markers in public sector hybrids of field crops (Paddy & Other crops)

Objectives:

- To assess the efficiency of molecular markers in hybrid purity testing in comparison to the grow-out-test (GOT) in various field crops.
- To validate the identified markers for various hybrids.

Experimental material

Seeds of paddy hybrids along with their parental lines were received from two centers. DNA fingerprinting was carried out for validation of SSR markers (RM 276 and RM 206), unique for hybrid purity assessment in paddy.

Hybrids and their parental lines used

1. JGLH-1 (Hybrid), CMS 46A (A line) and JBR 7 (R line)
2. JRH 5 (Hybrid), A line and R line

Results and conclusion

- In this study SSR marker RM 276 displayed polymorphism among hybrid and parental lines. Band size reported was 80 bp and 130 bp in A and R lines respectively and the hybrid tested exactly resembles both the parental lines confirming the hybridity. Hence, RM 276 could be invariably used for genetic purity assessment and hybridity determination of paddy hybrid JRH 5 (Fig. 33).



चित्र 33 : आरएम 276 के साथ A (A वंशक्रम), (जेआरएच 5) एवं R (R वंशक्रम) का प्रवर्धन पैटर्न

Fig. 33: Amplification pattern of A (A line), (JRH5) and R (R line) with RM 276

- एक अन्य धान संकर जेजीएलएच–1 को उसके पैतृक वंशक्रमों के साथ छांटा गया और इस कार्य में एसएसआर मार्कर आरएम 206 का उपयोग किया गया। परिणामों से एकलरूपीय बैण्डिंग पैटर्न प्रदर्शित हुआ और चयनित मार्कर धान संकर जेजीएलएच–1 की संकरता की पुष्टि करने में असफल रहे (चित्र 34)।

- Another paddy hybrid JGLH-1 along with its parental lines was screened using SSR marker RM 206. The result shows monomorphic banding pattern and the selected marker fails to confirm the hybridity of paddy hybrid JGLH-1 (Fig. 34).



चित्र 34 : आरएम 206 के साथ A (सीएमएस 46 A), H (जेजीएलएच 1) एवं R (जेबीआर 7) का प्रवर्धन पैटर्न

Fig. 34: Amplification pattern of A (CMS 46A), H (JGLH-1) and R (JBR 7) with RM 206

1.7 प्रोफेशनल सम्बद्धता प्रशिक्षण

1.7.1 क्लोरोप्लास्ट से उत्पन्न एसएसआर द्वारा कृष्ट *एलियम* एवं वन्य संजात में आनुवंशिक सम्बद्धता का पता

परिचय :

वंश *एलियम* में लोकप्रिय प्रजातियां शामिल हैं और इनका उपयोग विभिन्न पाककला प्रयोजनों एवं न्यूट्रास्यूटिकल्स के लिए किया जाता है। अभी भी, प्याज, लहसुन जैसी *एलियम* प्रजातियों और वन्य संजातों के पालन एवं विकास के बारे में काफी हद तक जानकारी का अभाव है। आकृतिविज्ञान लक्षणवर्णन के माध्यम से जलवायु अनुकूल जननद्रव्य की पहचान करने के लिए अनेक प्रयास किए गए लेकिन वे इस तथ्य को ध्यान में रखकर पर्याप्त नहीं है कि आकृतिविज्ञान गुण पर्यावरणीय रूप से प्रभावित होते हैं और स्थिर नहीं रहते। इसलिए, *एलियम* जननद्रव्यों का आनुवंशिक लक्षणवर्णन करने की जरूरत है। वर्तमान अध्ययन में, प्याज, लहसुन और वन्य जननद्रव्यों के बीच आनुवंशिक सम्बद्धता की जांच करने के प्रयोजन *एलियम पैराडॉक्सम* प्लास्टोम से क्लोरोप्लास्ट सिम्पल सिक्वेंश रिपीट (cpSSR) मार्कर विकसित किए गए। *एलियम* के 18 वैयक्तिक में आनुवंशिक सम्बद्धता स्थापित करने में कुल 15 क्लोरोप्लास्ट सिम्पल सिक्वेंश रिपीट (cpSSR) मार्कर इस्तेमाल किए गए और इससे प्रति एसएसआर लोकस 1 से 6 युग्मविकल्पी की सीमा में तथा 100 प्रतिशत की बहुरूपिता क्षमता के साथ 40 युग्मविकल्पी उत्पन्न हुए। औसत पीआईसी और विशमयुग्मजता क्रमशः 0.392 एवं 0.330 पाई गई। विकसित cpSSR42 द्वारा विभिन्न 43 एलियम प्रजातियों के बीच जातिवृतीय अध्ययन एवं विकासपरक सम्बद्धता में उल्लेखनीय सहयोग किया गया। भविष्य में, ये cpSSR मार्कर

1.7 Professional Attachment Training

1.7.1 Chloroplast derived SSRs reveals genetic relationships in domesticated *Alliums* and wild relative

Introduction:

Genus *Allium* comprise of popular spices and used for various culinary purposes and nutraceuticals. Still, the information about domestication and evolution of important *Allium* species like onion, garlic and wild relatives is lacking to a large extent. Various exertions were utilized to identify climate resilient germplasm through morphological characterization; however, they are not appropriate in light of the fact that morphological traits are environmentally influenced and not stable. Therefore, genetic characterization of *Allium* germplasms is needed. In the present study, Chloroplast Simple Sequence Repeat (cpSSR) markers were developed from *Allium paradoxum* plastome to examine the genetic relationships among onion, garlic and wild germplasms. A total of 15 cpSSR markers were used to establish genetic relationships in 18 individuals of *Allium*, producing 40 alleles ranging from 1-6 alleles per SSR locus and polymorphism potential of 100%. Average PIC and heterozygosities was found to be 0.392 and 0.330, respectively. The developed cpSSR 42 significantly assisted the phylogenetic study and evolutionary relationships among various 43 *Allium* species. In

किस्मीय पहचान तथा 44 परिशुद्धता जांच के लिए उपयोगी होंगे।

उद्देश्य :

- cpSSR मार्करों के विकास हेतु डाटा माइनिंग
- स्कोरिंग एवं डाटा विश्लेषण
- वन्य एवं कृष्ट *एलियम* प्रजातियों के बीच टैक्सन विश्लेषण एवं आनुवंशिक सम्बद्धता

परिणाम :

पहली बार 15 नवीन क्लोरोप्लास्ट उत्पन्न एसएसआर मार्कर विकसित किए गए और उपयोग *एलियम* प्रजातियों के बीच आनुवंशिक सम्बद्धता को स्थापित करने में किया गया। मार्कर सेट द्वारा किस्मीय पहचान, विकासपरक अध्ययनों के लिए एक उपयोग संसाधन प्रदान किया जाता है और प्रमुख *एलियम* प्रजातियों के आणविक प्रजनन में सहायता की जाती है। अतः वर्तमान अध्ययन का उपयोग प्रजनक द्वारा व्यापक स्तरीय स्क्रीनिंग के लिए और वन्य एवं कृष्ट *एलियम* की डीएनए फिंगरप्रिन्टिंग के लिए और *एलियम* के संरक्षण एवं जीनप्ररूपी सुधार के लिए किया जा सकता है।

future, these cpSSR markers will be useful for varietal identification and 44 purity testing.

Objectives:

- Data mining for development of cpSSR markers
- Scoring and data analysis
- Taxon analysis and genetic relationship among wild and cultivated *Allium* species

Results:

For the first-time 15 novel chloroplast derived SSR markers were developed and utilized to establish genetic relationships among *Allium* species. The marker set provides a useful resource for cultivar identification, evolutionary studies and assist in molecular breeding of important *Allium* species. Thus, present study could be utilized by the breeders for the large-scale screening and DNA fingerprinting of wild and cultivated *Alliums* for conservation and genotypic improvement of *Alliums*.



चित्र 35 : विभिन्न *एलियम* प्रजातियों में cpSSR मार्करों की क्रास हस्तांतरणीयता

Fig. 35: Crass transferability of cpSSR markers in various *Allium* sp.

1.7.2 चावल की विभिन्न किस्मों एवं संकरों का डीएनए फिंगरप्रिन्टिंग

उद्देश्य :

- प्रमुख किस्मों व संकरों का डीएनए फिंगरप्रिन्टिंग
- एसएसआर मार्करों द्वारा चावल का आणविक विविधता विश्लेषण

पादप सामग्री एवं जीनोमिक डीएनए पृथक्करण :

वर्तमान अन्वेशण की चावल आनुवंशिक सामग्री में 16 किस्में व दो संकर तथा साथ ही उनके A, B एवं R वंशक्रम शामिल हैं। इन सामग्रियों की बीजों को पादप प्रजनन अनुभाग, भाकृअनुप – भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद से प्राप्त किया गया था। मरे एवं थॉम्पसन (1980) द्वारा सुझाई गई CTAB विधि का उपयोग करते हुए 24 चावल जीनप्ररूपों में

1.7.2 DNA Fingerprinting of different varieties and hybrid of Rice

Objectives:

- DNA fingerprinting of major varieties and hybrids
- Molecular diversity analysis of rice by SSR markers

Plant materials and genomic DNA isolation:

The rice genetic material in the present investigation comprised of 16 varieties and 2 hybrids along with their A, B and R line. The seeds of these materials were obtained from the department of Plant Breeding Section, ICAR-Indian Institute of Rice Research, Rajendranagar, Hyderabad. Molecular characterization 24 rice genotypes total genomic

कुल जीनोमिक डीएनए का आणविक लक्षणवर्णन किया गया। अध्ययन किए गए कुल 37 मार्करों में, 26 (54 प्रतिशत) में बहुरूपिता देखने को मिली जबकि 6 मार्कर एकलरूपीय थे। एसएसआर मार्करों द्वारा प्रति मार्कर 2 युग्मविकल्पी के औसत के साथ प्रति मार्कर 2 से 7 युग्मविकल्पी की सीमा में कुल 74 युग्मविकल्पी उत्पन्न किये गए। 24 चावल जीनप्ररूपों से कुल 37 एसएसआर मार्करों के जीनप्ररूपी डाटा का उपयोग द्रुमारेख का निर्माण करने के लिए किया गया (चित्र 37)। DARwin-6.0 में लागू नेबर – जॉयनिंग विधि का उपयोग करते हुए एक जातिवृतीय वृक्ष तैयार किया गया। क्लस्टरिंग पैटर्न को समर्थन देने के लिए (पेरियर एवं साथी, 2003) तथा जीनप्ररूपों के विविध मूल को दर्शाने के लिए प्रधान समन्वय विश्लेषण (PCoA) का अनुमान लगाया गया। निष्कर्षत चावल की जीनोटाइपिंग के लिए चावल के 37 एसएसआर गुणसूत्रों के बीच कुल 36 एसएसआर मार्कर वितरित किए गए। वर्तमान अध्ययन द्वारा 37 एसएसआर की क्षमता की पुष्टि की गई जो कि दो संकर के साथ चावल किस्मों में भिन्नता दर्शाने में सार्वभौमिक कोर सेट एसएसआर का एक उप–समूह है। ये अत्यंत बहुरूपीय, सूचनाप्रद थे और इनमें जीनोम के बीच एकसमान वितरण था। एसएसआर मार्करों द्वारा आकृतिविज्ञान गुणों की तुलना में चावल की किस्मों व संकर किस्मों का लक्षणवर्णन करने हेतु कहीं व्यापक युग्मविकल्पी भेदभाव प्रदान किया जाता है। साथ ही ये विविधता विश्लेषण के लिए भी उपयोगी हैं। एसएसआर मार्कर द्वारा उत्पन्न जीनप्ररूपी विशिष्ट युग्मविकल्पी भविष्य में किस्मीय पहचान के लिए उपयोगी होंगे। संरचना विश्लेषण, दूरी आधारित क्लस्टरिंग तथा प्रधान संघटक विश्लेषण के माध्यम से जीनप्ररूपी वर्गीकरण से भी इसी तरह के परिणामों की पुष्टि हुई।

